दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 173 जयपुर, रविवार, 02 जून, 2024 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष- एकादशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



**मौसम पलटी खाकर हुआ खुशनुमा : तेज हवाओं के साथ बारिश, 6 जिलों में तापमान गिरा, जयपुर में दोपहर बाद हुई बारिश, चूरू में गिरे ओले**

# बारिश ने भिगोई तपती धरती... लोगों को राहत

## नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आगामी 48 घंटों के दौरान बीकानेर, जयपुर, भरतपुर व कोटा संभाग के कुछ भागों में आंशिक बादल छाए रहने के साथ बारिश की संभावना

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में शनिवार से सक्रिए हुए एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तेज हवाओं व बारिश का दौर चला। बारिश होने से भीषण गर्मी से तप रहे प्रदेश को काफी हद तक गर्मी से राहत मिली है। बारिश होने से प्रदेश के 6 से ज्यादा जिलों में अचानक तापमान में गिरावट देखने को मिली।

राजधानी जयपुर में भी शनिवार दोपहर बाद हुई बारिश से कई जगह सड़कें दरिया तक बन गई। शाम को मौसम खुशनुमा हो गया। उधर, सीकर, टोंक, कोटा, कोटपूतली-नीमकाथाना सहित कई जिलों में भी बारिश हुई। मौसम विभाग ने आगामी दो दिन 13 जिलों में आंधी-बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम केंद्र जयपुर के सीनियर साइंटिस्ट हिमांशु शर्मा ने बताया कि शनिवार से एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के राजस्थान में एक्टिव होने से मौसम में बदलाव हुआ है। कई जिलों में धूलभरी आंधी चलने के साथ कुछ स्थानों पर बादल छाने और हल्की बारिश होने की संभावना है।

इस सिस्टम का असर 3 जून तक रहने की संभावना है। इससे राज्य के अधिकांश शहरों में तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

### विभिन्न जिलों में देखने को मिला मौसम में बदलाव

मौसम में शनिवार शाम हुए अचानक इस बदलाव का असर प्रदेश के कई जिलों में देखने को मिला। श्रीगंगानगर में शाम 4 बजे अचानक मौसम में बदलाव हुआ। तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। हालांकि, गर्मी का असर अभी भी बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार यहां अगले 24 घंटों में तापमान में गिरावट आ सकती है। यहां तापमान 46.2 डिग्री दर्ज किया गया। इसी प्रकार जैसलमेर में हवाएं चलने तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 2 दिन मौसम साफ रहेगा। चूरू के गांव खसोली में शनिवार को अचानक मौसम पलट गया। तेज हवाओं के साथ बादलों ने डेरा डाला और बारिश की शुरुआत हो गई। इस दौरान तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। फतेहपुर (सीकर) में दोपहर बाद हल्की बारिश हुई। सड़कें भीग गईं और लोगों को गर्मी से राहत मिली। फतेहपुर में बारिश के बाद शुक्रवार के मुकाबले शनिवार को तापमान में 3.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



दोपहर बाद गुलाबी नगरी पर छाए बादल
फोटो: पंकज शर्मा

## जरूरी खबर

### बनर्जी ने संभाला हेड ऑफ फारेस्ट फोर्स का पद



**जयपुर।** वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी अरिजीत बनर्जी ने शनिवार को हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स का पदभार संभाल लिया। अरण्य भवन में पदभार ग्रहण करने के बाद वन विभाग के नए मुखिया अरिजीत बनर्जी ने वन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। 27 मई को अरिजीत बनर्जी को हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स बनाए जाने के आदेश हुए थे। अरिजीत बनर्जी 1991 बेच के आईएफएस अधिकारी है। बनर्जी इस पद पर अक्टूबर 2026 तक रहेंगे।

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर हुआ 69.50 रु. सस्ता

**जयपुर।** पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कीमतों का रिव्यू किया है। इसमें एलपीजी की कीमतों में कटौती की है। हालांकि इसका फायदा केवल कॉमर्शियल रसोई गैस उपभोक्ताओं को ही मिलेगा, घरेलू उपयोग वाले उपभोक्ताओं को कीमतों में कमी का कोई फायदा नहीं मिलेगा। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक गहलोत ने बताया कि कंपनियों ने शनिवार से राजस्थान में 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 69.50 रुपए कम किए हैं। इस कटौती के बाद आज से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर बाजार में 1767.50 से बजाए 1698 रुपए में मिलेगा।

## लोकसभा चुनाव सातवां चरण: शाम 6 बजे तक 59.51% मतदान

# पीएम मोदी सहित कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में हुआ बंद

- 4 जून को आएगा चुनाव परिणाम

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव के मतदान का महापर्व शनिवार 1 जून को संपन्न हो गया। सातवें, यानी आखिरी चरण के लिए 57 सीटों पर शनिवार को मतदान हुआ। इससे पहले लोकसभा की 486 सीटों के लिए 6 चरणों में मतदान हो चुका है।

लोकसभा की सभी 543 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। अब 4 जून को वोटों की गिनती की जाएगी। इस आखिरी दौर में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वाराणसी से उम्मीदवार थे। उनके अलावा कई केंद्रीय मंत्री व विपक्ष के बड़े नेता भी चुनावी मैदान में थे।





### आठ राज्यों में शाम तक का मतदान का आंकड़ा यह रहा

लोकसभा चुनाव के आखिरी व सातवें चरण के मतदान में कुल वोट प्रतिशत 59.51 रहा। जिसमें बिहार (8 सीट) 48.86, चंडीगढ़ (1 सीट) 62.80, हिमाचल प्रदेश (4 सीट) 66.56, झारखंड (3 सीट) 67.95, ओडिशा (6 सीट) 62.46, पंजाब (13 सीट) 55.20, उत्तर प्रदेश (13 सीट) 54.00 तथा पश्चिम बंगाल में (9 सीट) 69.89 प्रतिशत मतदान रहा।

लोकसभा की 57 सीटों के अलावा ओडिशा विधानसभा की शेष 42 सीटों के लिए भी शनिवार को ही मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण 19 अप्रैल को प्रारंभ हुआ था।

### सीएम शर्मा ने जताया जनता का आभार-X पर संदेश...

देवतुल्य जनता जनार्दन का आभार... लोकसभा चुनाव के समस्त चरणों का मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया है। लोकतंत्र के महोत्सव में अपने मतदान के कर्तव्य का निर्वहन करने वाले प्रत्येक सम्मानित मतदाता का हार्दिक अभिनंदन व सफल व शांतिपूर्ण चुनाव के पीछे अहम भूमिका निभाने वाले चुनाव आयोग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का सहृदय आभार। -भारत माता की जय!

### आखिरी चरण में कंगना रनौत भी रही भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी

सातवें चरण के मतदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से उम्मीदवार थे। हिमाचल की मंडी सीट से भाजपा ने अभिनेत्री कंगना रनौत को उम्मीदवार बनाया। मंडी सीट पर इस चुनाव में कंगना को कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह ने मुकाबला दिया। पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी के भतीजे व टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी भी अंतिम दौर में उम्मीदवार थे। पंजाब में कांग्रेस उम्मीदवार व पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी चुनाव लड़ रहे थे। यहां सभी 13 संसदीय सीटों पर आज मतदान हुआ। बिहार में भोजपुरी कलाकार पवन सिंह, ऊर्जा मंत्री आरके सिंह, पंकज चौधरी, यूपी के मिर्जापुर से अनुप्रिया पटेल, चंदौली से महेंद्रनाथ पांडेय व हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर से अनुराग ठाकुर सातवें चरण में मैदान में थे।

## एसीबी की कोटपूतली में कार्रवाई

# SHO व कांस्टेबल घूस में iPhone लेते दबोचे

बेधड़क | जयपुर





कोटपूतली-बहरोड़ के सदर थाने में दर्ज एक मुकदमे में आरोपी नहीं बनाने की एवज में आई-फोन घूस में लेते थानाधिकारी व एक कांस्टेबल को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी थानाधिकारी राजेश कुमार व कांस्टेबल अजीत सिंह से एसीबी ने आई-फोन का पैकेट बरामद कर लिया। हालांकि दोनों आरोपियों के घर से एसीबी को और कुछ नहीं मिला।

आरोपी राजेश कुमार सब इंस्पेक्टर है और उनको सदर थाने का एसएचओ लगा रखा था। एसीबी दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। एसीबी डीजी रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि पिछले माह में एसीबी ऑफिस में एक परिवादी ने शिकायत की थी कि उसके खिलाफ सदर थाने में एक मुकदमा दर्ज है। उस मुकदमे में आरोपी नहीं बनाने की एवज में थानाधिकारी राजेश कुमार एक आई-फोन और कांस्टेबल 15 हजार रुपए की डिमांड कर रहा है। शिकायत का सत्यापन कराने के बाद में परिवादी को आई-फोन का पैकेट लेकर आरोपियों के पास भेजा।

दोनों आरोपी ने थाने के बाहर ही आई-फोन का पैकेट ले लिया और कांस्टेबल अजीत सिंह ने परिवादी को कहा-15 हजार रुपए भी देकर जाना। तभी एसीबी की टीम मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को दबोच लिया।

## सीएम ने ली गृह विभाग की समीक्षा बैठक, बोले...

# ड्रग व खनन माफिया और संगठित अपराध के खिलाफ हों सख्त

- नशे के विरुद्ध चलाया जाएगा प्रदेशव्यापी अभियान
- साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए ली जाएंगी विशेषज्ञों की सेवाएं
- 100 दिवसीय कार्ययोजना से अपराध पर लगा प्रभावी अंकुश

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को सीएमओ में पुलिस महकमे की 100 दिन की कार्य योजना के रिपोर्ट कार्ड पर समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखना तथा आमजन को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि पुलिस के प्रति आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम होना चाहिए। पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई से देश में राज्य की पहचान अच्छी कानून व्यवस्था वाले प्रदेश के रूप में स्थापित होगी।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार संगठित अपराध, भू-माफिया, बजरी माफिया, मादक पदार्थों के तस्करों तथा नकल गिरोह का पूरी तरह सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अपराध के खिलाफ की गई त्वरित कार्रवाई तथा पुलिस की उपलब्धियों की भी आमजन को जानकारी मिलनी चाहिए, जिससे जनता में सकारात्मक संदेश जाए।



### अपराधियों के मददगारों पर भी हो सख्त कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स तथा पेपर लीक की जांच के लिए गठित एसआईटी के कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए संगठित गिरोह तथा अपराधियों की मदद करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### अवैध गतिविधियों पर तत्काल हो कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने गृह विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि पुलिस की यह जिम्मेदारी है कि अवैध गतिविधियों पर स्वयं आगे बढ़कर कार्रवाई करें। छोटे-छोटे अपराधों पर कार्रवाई होगी तो बड़ी घटना को टाला जा सकता है। मुख्यमंत्री ने 5 पड़ोसी राज्यों से समन्वय स्थापित कर अंतर्राज्यीय अपराधियों के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।

### अधिकारी नियमित रूप से करें जनसुनवाई

मुख्यमंत्री ने अवैध खनन रोकने के लिए संबंधित विभागों को संयुक्त अभियान चलाने, महिलाओं के खिलाफ अपराध पर समयबद्ध रूप से कार्रवाई करने तथा गो-तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रखने के निर्देश दिए। पुलिस को जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार रखकर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी संभाग एवं जिला स्तरीय पुलिस अधिकारी नियमित रूप से जनसुनवाई करें ताकि परिवादियों की समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर हो सके।

## जरूरी खबर

### संगठन व सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाएं: सीएम



**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रदेश प्रवक्ता और पैनेलिस्टों की बैठक में कहा कि भाजपा संगठन और सरकार के कार्यां को मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने का कार्य आप सभी ने बेहतरीन तौर पर किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवक्ता-पैनेलिस्टों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रवक्ताओं और पैनेलिस्टों का आत्मविश्वास प्रबल होना चाहिए। मीडिया डिबेट में भाजपा के प्रवक्ताओं को पूरजोर से अपनी बात रखनी चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि किसी भी तथ्यों को आंकड़ों के साथ पेश किया जाए, इससे प्रवक्ता का कद बढ़ेगा।

### सीएम ने किए पूँछरी का लौठा व श्रीनाथजी के दर्शन

**भरतपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को डीग के पूँछरी का लौठा एवं गिरिराज जी तलहटी मंदिर में दर्शन किए। साथ ही उन्होंने श्रीनाथ जी मंदिर में पंचामृत अभिषेक के साथ ही विशेष पूजा अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश की ख़ुशहाली और समृद्धि के साथ ही प्रदेश में अच्छी बारिश की कामना की।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम




**जयपुर।** राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से आगामी 5 जून को आयोजित होने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए एवं प्रदूषण मुक्त राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के लिए सात दिवसीय हितधारक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति एवं सस्टेनेबल परिवहन के प्रति जागरूक करने के लिए 3 जून को 'वुमेंस साइक्लोथॉन' का आयोजन होगा। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव विजय एन ने बताया कि 3 जून, विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर प्रातः 5:30 बजे होटल क्लार्क आमेर से साइक्लोथॉन का आयोजन किया जाएगा। वही साइक्लोथॉन में पंजीयन करना पूर्णतया निःशुल्क रहेगा।

**शिक्षा मंत्री ने साधा कांग्रेस पर निशाना,** कहा- गहलोत और डोटासरा ने जंगलों में चलवाई कुल्हाड़ियां

# बढ़ती गर्मी व हीटवेव कांग्रेस के कुकर्मों का परिणाम: दिलावर

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में तेज गर्मी के साथ-साथ राजनेताओं के बयानों में तेजी देखी जा सकती है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान में बढ़ती गर्मी और हीटवेव कांग्रेस के कुकर्मों का परिणाम है। अगर यह लोग 5 साल तक जंगल नहीं काटने देते।

पेड़ लगाने वालों को प्रोत्साहित करते। बड़ी-बड़ी रिश्वत लेकर वन विभाग को उजड़ने नहीं देते। जैसे डोटासरा ने पेपर बेचकर धन कमाया है। इस तरह इन लोगों ने जंगलों को काटकर मानवता के लिए खतरा पैदा कर दिया है। मेरा मानना है कि मानवता के लिए खतरा पैदा करने वाले से बड़ा दुष्ट कोई नहीं सकता। कांग्रेसी इस प्रवृत्ति के हैं। मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान में रक्षक ही भक्षक बन गए थे। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पेड़-पौधों और जंगलों में कुल्हाड़ियां चलवाई। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था।

उन दोनों की वजह से राजस्थान का काफी नुकसान हो गया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर शनिवार सुबह चांदपोल श्मशान घाट पर पौधे लगाने के कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे।



### डोटासरा बताएं मैंने कहां की खरगे की हत्या

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का कहना है कि उनके खिलाफ 14 मुकदमे दर्ज हैं। उसमे से एक मुकदमा कांग्रेस ने यह भी किया है कि मैंने उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की हत्या कर दी। अब गोविंद सिंह डोटासरा बताएं कि मैंने खरगे की हत्या कहां की। मेरे से उनकी सरकार ने हथियार बरामद क्यों नहीं किए। उन्होंने कहा कि पहले तो उनकी सरकार थी। तब मुझे उनकी सरकार ने गिरफ्तार क्यों नहीं किया। मुझे पता है, ये लोग मेरे से डरते हैं। इसलिए गिरफ्तार नहीं करते थे। मैं बहुत खूंखार हूं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या भी कर सकता हूं। ऐसा वो मानते हैं। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर शनिवार सुबह चांदपोल श्मशान घाट पर पौधे लगाने के कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

### पंगु व नाकारा थी पूर्व कांग्रेस सरकार

दिलावर ने कहा कि उनकी सरकार ने एक मुकदमा मुझ पर राष्ट्रद्रोह का भी दर्ज करवाया था। इसके बाद भी न जाने क्यों मुझे गिरफ्तार नहीं किया गया। वैसे हकीकत में पूर्व कांग्रेस सरकार बहुत पंगु, मक्कार और नाकारा सरकार थी। जो राष्ट्रद्रोह करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार तक नहीं कर सकी।

### उदयपुर में दर्ज हुआ था केस

बता दें कि पिछले साल 11 मई को जयपुर के संजय सर्किल थाने में विधायक मदन दिलावर के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 और 120 बी के तहत कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की हत्या के षडयंत्र में शामिल होने का मामला दर्ज किया गया था। दिलावर ने 1 मई को अपने उदयपुर दौरे के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर तंज कसते हुए कहा था कि 'कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष 80 साल के हो गए हैं, भगवान उन्हें कभी भी उठा सकता है पर मैं भगवान से प्रार्थना करूंगा कि कम से 200 साल तक उन्हें नहीं उठाए।

**लोकसभा चुनाव:** प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक में बोले सीएम

# प्रदेश के प्रवासी कार्यकर्ताओं ने छोड़ी देशभर में अमिट छाप

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को लोकसभा चुनाव प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश संगठन सह प्रभारी विजया राहटकर, लोकसभा चुनाव प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी और भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल मंच पर उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने लोकसभा चुनाव प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के सभी चुनाव प्रवासी कार्यकर्ताओं, नेताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का कार्य सराहनीय तथा प्रशंसनीय है। पहले प्रदेश में चुनाव प्रचार का जिम्मा संभालते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के समर्थन में अच्छा मतदान करवाया और फिर देशभर में विभिन्न दूर दराज के गांव, ढ़ाणी में जाकर चुनाव की कमान संभाली। ऐसे में लोकसभा चुनाव प्रवासी कार्यकर्ताओं को भाषा, खानपान और निवास तक की परेशानी का सामना करना पड़ा। लेकिन इन सबके बावजूद सभी कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम के साथ प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार-प्रसार किया।

■ भाजपा संगठन और कार्यकर्ताओं के प्रति बढ़ा विश्वास: शेखावत



### प्रवासी कार्यकर्ताओं ने सुदूर प्रांतों में नाम बढ़ाया: राहटकर

भाजपा प्रदेश की संगठन सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि भाजपा ऐसा संगठन है जहां कार्यकर्ताओं को निरंतर आगे बढ़ने का मौका दिया जाता है। आज प्रवासी कार्यकर्ता बैठक में सभी ने अपने अनुभव साझा किए है। हर कार्य, हर बार हमें कुछ नया सिखाता हैं। भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहतन का ही परिणाम है कि दक्षिण भारत से लेकर उत्तर भारत, पूर्वोत्तर में भाजपा की स्थिति मजबूत हुई है। देशभर में राजस्थानी हर क्षेत्र, हर जिले में बसा हुआ है और इस बार भाजपा के प्रवासी कार्यकर्ताओं ने हर राजस्थानी मतदाता से संपर्क कर पार्टी को मजबूत करने का काम किया है। आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के साथ जुड़ना चाहता है। प्रवासी कार्यकर्ताओं ने सूदूर प्रांतों में जाकर अपने प्रदेश का मान-सम्मान बढ़ाया है।

### पंजाब में आएंगे चौकाने वाले परिणाम

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब, दलित, वंचित और महिलाओं की जनकल्याणकारी नीतियों के बदौलत देशभर में भाजपा के प्रति और भाजपा के कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मविश्वास एंव आत्मसम्मान बढ़ा है। देशभर में आज भाजपा के अनुकूल स्थिति में प्रवासी कार्यकर्ताओं ने प्रचार-प्रसार किया है। पंजाब लोकसभा चुनावों के अनुभव साझा करते हुए शेखावत ने कहा कि भाजपा ने पंजाब में हिन्दू-सिख सामांजस्य बना रहे इस का ध्यान रखते हुए बूथ स्तर पर काम किया। पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के घर-घर जाकर भाजपा के पदाधिकारियों ने उनका मनोबल बढ़ाया है। भाजपा के प्रवासी कार्यकर्ताओं ने पंजाब में सभी लोकसभा क्षेत्रों में बहुत जिम्मेदारी के साथ कार्य किया है। पंजाब में आम पार्टी के विकल्प के तौर पर मतदाताओं ने भाजपा को देखने शुरू कर दिया। इस बार पंजाब में लोकसभा चुनाव परिणाम चौंकाने वाले आएंगे।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने न दिन देखा न रात: कैलाश चौधरी

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कैलाश चौधरी ने कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को हर बार कुछ नया सीखने को मिलेगा। लोकसभा चुनाव प्रवासी कार्यकर्ता जहां-जहां गए वहां से अब यह सुनने को मिल रहा है कि प्रवासी राजस्थानी कार्यकर्ताओं ने चुनाव में माहौल बना दिया। राजस्थान के भाजपा कार्यकर्ताओं ने ना दिन देखा और ना ही रात। सभी ने तन,मन और धन के साथ ग्राउंड लेवल पर जाकर कमान संभाली। ऐसे में प्रवासी कार्यकर्ताओं से अनुभव साझा करने के लिए आयोजित बैठक निश्चित तौर पर भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने वाली है।

### पीएम मोदी ने 10 वर्षों में किए ऐतिहासिक कार्य: जोशी

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देशभर में ऐतिहासिक कार्य किया। इसकी बदौलत आज जिस भी प्रांत, जिला या मंडल स्तर पर भाजपा के प्रवासी कार्यकर्ता पहुंचे वहां से एक ही आवाज आई "अबकी बार 400 पार"। भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है कि पार्टी इस बार 4 जून को अपने ध्येय वाक्य को पूरा करेगी। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए सभी ने सामूहिक प्रयास किए है। लोकसभा प्रवासी कार्यकर्ताओं का चुनाव प्रचार का अनुभव, स्मृतियां और नवाचार सभी के लिए कारगर साबित होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान देशभर में राजस्थान के कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा, जोश और जुनून के साथ कार्य करते हुए अपनी छाप छोड़ी है। राजस्थान से देशभर में प्रचार के लिए जाने वाले कार्यकर्ताओं का योगदान प्रशंसनीय है फिर चाहे पंजाब, हरिणाणा, दिल्ली, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, हैदराबाद ही क्यों ना हो। राजस्थान के कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार तो किया ही, साथ में स्थानीय प्रवासियों से भाईचारे का संबंध भी बनाया है। राजस्थान के प्रवासी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवाद की भावना के साथ काम किया है ये ही हमारी पूंजी है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को सीख देते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि घर से निकलने पर पार्टी का काम तो होता है साथ में व्यक्ति का नाम भी होता है।



## खबरों में बेधड़क खबर



### गामा को भारी पड़ गया नसीहत देना

राजधानी में एक न्याय करने वाले अधिकारी को एक गामा साहब द्वारा ट्रेफिक के नियमों की पालना की नसीहत देना भारी पड़ गया। नसीहत सुनकर इस प्रचंड गर्मी में गर्म हुए साहब ने खाकी के बड़े साहबों को आड़े हाथों ले लिया। नतीजा यह निकला की कुछ घंटों बाद ही गामा साहब को लाइन का रास्ता देखना पड़ गया। दरअसल न्याय करने वाले साहब ने सड़क पर गाड़ी लगा रखी थी। शहर के सबसे बड़े सर्किल के निकट वाले थाने में तैनात गामा वहां से गुजर रहे तो सड़क पर गाड़ी देखकर रूक गए। गामा ने चौपहिया वाहन में बैठे साहब को गाड़ी को हटाने को लिए कहा तो साहब ने बड़े रूतबे से अपना परिचय दिया। ऐसे में गामा साहब को केवल इतना सा कहना भारी पड़ गया कि साहब नियम तो सबके लिए है। कुछ देर दोनों के बीच तू-तू-मैं-मैं हुई तो साहब ने खाकी के बड़े साहबों को गामा की शिकायत कर डाली। ऐसे में गामा को लाइन जाना पड़ गया। यह मामला खाकी में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### साहब की रडार पर परिवाद और शिकायतें

भ्रष्टों को पकड़ने वाले झालाना ऑफिस में बैठने वाले बड़े साहब ने अधीनस्थों के सामने भ्रष्टाचार को लेकर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए है। साहब की छवि खाकी में बेदाग है। ऐसे में ऑफिस में सालों से धूल फांक रही पेंडिंग फाइलों की रिपोर्ट ली तो साहब भी चौंक गए। ऑफिस में दर्ज कई परिवाद व शिकायतों में भ्रष्टाचार के महत्वपूर्ण सबूत होने के बाद भी पेंडिंग पड़े है। ऐसे मामलों का अनुसंधान करने के बजाए अफसर जांच करने से बच रहे है। चर्चा है कि ऐसे कई मामलों में स्वीकृति मिलने के बाद भी अफसर फाइलों में कुछ नहीं लिख रहे है। इसके कई मायने निकाले जा रहे है। साहब के अपने अधीनस्थों को साफ तौर पर ऐसे मामलों का निस्तारण करने के कड़े निर्देशों के बाद भ्रष्टों में हड़कंप मचा हुआ है। अब पेंडिंग परिवार व शिकायतों में मुकदमें दर्ज होने लगे है। जबकि भ्रष्टों पर फिर से कई माह बाद लगातार शिकंजे में लेने के मामले बढ़ने लगे है। साहब की कार्यशैली इनदिनों खाकी में चर्चा में है।

### टाइगर ने बना ली तस्करों की कुंडली

जिलों में पोस्टिंग के दौरान कुछ प्रकरणों को लेकर विवादों में रहने वाले टाइगर इन दिनों फिर से चर्चा में है। मारवाड़ में लगे एक टाइगर ने तस्करों की कुंडली तैयार कर ली है। कुंडली क्यों तैयार की गई। इसके कई मायने निकाले जा रहे है। पहले भी टाइगर साहब एक दूसरे जिले में तस्करों को लेकर लालकोठी वाले भवन तक विवादों में रहे थे। तब टाइगर ने मृतकों को ही आरोपी बनवा दिया था। हालांकि बाद में लालकोठी वाले भवन में दबा दिया गया। अब सत्ता बदलने के बाद टाइगर को फिर से मारवाड़ के एक जिले में पोस्टिंग मिल गई। जहां से सबसे ज्यादा तस्कर नशे की तस्करी करते हैं। चर्चा है कि टाइगर को फिल्ड पोस्टिंग मिलने के बाद में फिर से नॉन फिल्ड पोस्टिंग मिल गई थी। लेकिन टाइगर ने एडी-चोटी का जोर लगाकर फिर से जिले में पोस्टिंग ले ली थी और फिर से टाइगर की कार्यशैली को लेकर लालकोठी वाले भवन में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई है।

### मुकदमे दर्ज करने से बच रहे गामा

सदन के पास वाले थाने में तैनात गामा साहब क्राइम कंट्रोल करने के बजाए आंकड़ों में क्राइम कम कर रहे है। चर्चा है कि साहब परिवादियों के मुकदमे दर्ज करने के बजाए उनके परिवाद लेकर खानापूर्ति कर रहे है। दरअसल पिछले दिनों एक महिला डॉक्टर के साथ गामा के इलाके में लूट हो गई थी। इसके सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी है। जब पीड़िता थाने पर पहुंची तो गामा साहब ने पीड़िता की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज करने के बजाए परिवाद दर्ज करके खानापूर्ति कर ली। चर्चा है कि पीड़िता ने अब गामा के खिलाफ कोर्ट में इस्तगासा करने की तैयारी कर ली है। इससे पहले पीड़िता ने गामा के खिलाफ एमआई रोड़ वाले ऑफिस में बैठने वाले एक साहब को शिकायत दी है। हालांकि पीड़िता की शिकायत पर अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़िता अब अफसरों के पास न्याय के लिए दर-दर भटक रही है। यह मामला खाकी के अधीनस्थों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**- ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता**

**यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बताए पौधारोपण और जल संरक्षण के उपाय**

# पौधारोपण और जलसंरक्षण का निवेश रखेगा भावी पीढ़ियों को सुरक्षित

हर 'सांस' इस धरती का
अहसान है हम पर
इस अहसास को हम सभी
को समझना होगा
सुकून से जीना है अगर
जिंदगी का हर पल
तो ना केवल आज, बल्कि
कल भी सुधारना होगा

कवि की ये कुछ पंक्तियां हमें दिखाई देने वाले और हर पल महसूस होने वाले खतरे का ना केवल अहसास करवा रही हैं, बल्कि अपने आज को सुधारने और कल आने वाली पीढ़ी को हम क्या देकर जा रहे हैं, इसकी जिम्मेदारी को महसूस करवा रही हैं। आज के समय में मौसम में हो रहे भारी बदलाव, अचानक बढ़ी इस भीषण गर्मी के पीछे आखिर कारण क्या हैं। क्या हम इसके जिम्मेदार हैं, क्या हमारे द्वारा किए जा रहे काम इसके कारण हैं। अगर ये सवाल हम अपने आप से करें तो इसका जवाब भी हमें अपने आप से ही मिल जाएगा। लेकिन यहां सोचने वाली बात ये है कि क्या हम अपनी गलतियों को सुधार कर आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित वातावरण दे सकते हैं। बिल्कुल दे सकते हैं और हमें ज्यादा कुछ नहीं करना है, बस एक छोटा सा निवेश करना है। ये निवेश है, पेड़-पौधे लगाना और जल संरक्षण के लिए अपने पूर्वजों के तरीकों को अपनाना।

### डबल इंजन की सरकार दूरगामी सोच के साथ कर रही कार्य

इसी सोच के साथ अब राजस्थान की डबल इंजन सरकार ने काम करना शुरू कर दिया है। चूंकि अभी गर्मी पड़ रही है और कुछ समय बाद मानसून आने वाला है, तो इसे देखते हुए राजस्थान सरकार ने प्रदेशभर में पेड़-पौधे लगाने के लिए विभागों को टारगेट दे दिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच के फलस्वरूप जारी आदेश की अनुपालना में लगभग सभी विभागों कार्ययोजना बना पेड़-पौधे लगाने का काम शुरू कर दिया है। साथ ही समय से पहले टारगेट को पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है। ताकि मानसून के आगमन के साथ ही पेड़-पौधों को पर्याप्त पानी मिल सके और ये निवेश भविष्य को सुरक्षित बना सके।



### पेड़-पौधे लगाने के लिए ये आंकड़े देखने जरूरी

| | | |
|---|---|---|
| ● वन रिपोर्ट 2021 के अनुसार प्रदेश में वन क्षेत्र है | : | 32863 वन किलोमीटर |
| ● प्रदेश के क्षेत्रफल के अनुसार वन क्षेत्र प्रतिशत है | : | 9.60 फीसदी |
| ● राष्ट्रीय वन नीति के तहत वन क्षेत्र होना चाहिए | : | 33 फीसदी |
| ● यानी जरुरत के हिसाब से कम वन क्षेत्र है | : | 23. 4 फीसदी |

उपरोक्त आंकड़ों को देखें तो हमें भयावह स्थिति का पता लग जाएगा। क्योंकि पेड़ हमारे द्वारा छोड़े गए कार्बन-डाई-आक्साइड को लेकर हमें ऑक्सीजन लौटाते हैं, जो कि हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रदेश की संवेदनशील सरकार ने इसी अहमियत को समझते हुए प्रदेश को फिर से हरा-भरा करने के लिए योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। चूंकि पेड़-पौधों के लिए भूजल स्तर का अच्छा होना जरूरी है, ऐसे में भजनलाल सरकार की ओर से जल संरक्षण की दिशा में भी अहम कदम उठाए जा रहे हैं। जिसके तहत पुराने पड़े तालाबों, बावड़ियों को साफ करवाने के साथ ही जल संरक्षण के लिए पुरानी तकनीकों को भी अपनाया जा रहा है। लेकिन इसमें आमजन को भी साथ निभाना होगा।

### कैसे करें जल संरक्षण

- वर्षा के पानी को भूमि के अन्दर पहुचाने के लिए छोटे-छोटे तालाब बनाकर पानी इकट्ठा किया जाए।
- घर, स्कूल, सरकारी कार्यालयों की छतों का पानी नीचे बने टैंक में एकत्रित करें। यानी वॉटर हार्वेस्टिंग पर ज्यादा से ज्यादा फोकस कर वर्षा के जल को व्यर्थ ना बहने दें।
- उबड़-खाबड़ भूमि पर मेड़बन्दी करके वहां भी जल एकत्रित करें। अपने-अपने खेतों में मेड़बन्दी करें। खेती के लिये पानी भी इकट्ठा होगा, मिट्टी भी बहने से रुकेगी तथा भूजल भी बढ़ेगा।
- गाँवों में तालाब की खुदाई के लिये श्रमदान में लोगों को जोड़ने से कार्य को जल्दी पूरा किया जा सकता है।
- गाँव-गाँव और शहर-शहर में बने हुए जलस्रोतों का पुनर्रुद्धार करें। इनमें जमा कूड़े-कचरे, मिट्टी, कंकड़ को बाहर निकाल फेंकें।

**-यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की कलम से**

## जरूरी खबर

### पं. पुरुषोत्तम गौड़ संस्कारोदय के राष्ट्रीय संयोजक बने



**जयपुर।** विप्र फाउंडेशन गुजरात के सूरत में संपन्न विप्र फाउंडेशन राष्ट्रीय परिषद के चतुर्दश अधिवेशन में लिए गए निर्णयों की शृंखला में महत्वपूर्ण प्रकल्प संस्कारोदय के राष्ट्रीय संयोजक का दायित्व ज्योतिषाचार्य पंडित पुरुषोत्तम गौड़ को प्रदान किया है। पंडित गौड़ लंबे समय से ज्योतिष के माध्यम से सनातनी आस्था को और सुदृढ़ करने में जुटे हैं। सुशील ओझा ने बताया कि सर्वे भवन्तु सुखीनः की भावना से विप्र फाउंडेशन संस्कारोदय की दिशा में अग्रसर रहते हुए गौ, गीता, गंगा, गौरी और गायत्री युक्त जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा का विशेष प्रसार करेगा। इसे 5जी सूत्र का नाम दिया गया है। पंडित गौड़ की नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा गुरुजी द्वारा की गई है।

### हनीट्रैप की धमकी दे ब्लैकमेलिंग करने वाले दबोचे

**जयपुर।** हनीट्रैप में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाली गैंग के चार बदमाशों को रामनगरिया थाना पुलिस ने अरेस्ट किया है। गैंग के मेंबर महिला के जरिए अमीर लोगों को कॉल करवाकर फांसते थे। मिलने पहुंचने पर गैंग के बदमाश पकड़ कर रुपए वसूल करते थे। डीसीपी ईस्ट कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि गैंग के ऋषिकेश मीना (26) निवासी मण्डावरी दौसा हाल रामसिंहपुरा फाटक कानोता, सुमन मीना (25) निवासी गंगापुर सिटी हाल जगदीश विहार लूणियावास, मुकेश कुमार मीना (30) निवासी हीरापुरा कोटखावदा और ममता (20) निवासी मण्डावरी दौसा को अरेस्ट किया है। रामनगरिया थाने के स्पेशल टीम के कॉन्स्टेबल राहुल, मुनेश और लोकेन्द्रपाल सिंह ने एसएचओ अरुण कुमार के नेतृत्व में चारों बदमाशों को अरेस्ट किया।

## मिलावट पर वार, शुद्ध आहार अभियान के तहत कानोता में कार्रवाई

# कद्दू के पल्प से बना रहे थे सॉस, 3200 किलो नष्ट कराया

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान मिलावट पर वार, शुद्ध आहार के तहत कार्रवाई करते हुए शनिवार को कानोता में 3200 किलो वेजिटेबल सॉस नष्ट कराया। कद्दू के पल्प से घटिया एवं अखाद्य रंग मिलाकर बनाया जा रहा था। फैक्ट्री में फूड लाइसेंस भी नहीं मिला।

खाद्य आयुक्त इकबाल खान के निर्देश पर अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में जयपुर द्वितीय क्षेत्र के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा गौरव धारा कॉलोनी, कानोता, तहसील बस्सी स्थित मैसर्स रिद्धि सिद्धि इंडस्ट्रीज के वेजिटेबल सॉस बनाने वाले कारखाने पर छापा मारा गया, जिसका मालिक है तीरथराज शर्मा है।




### 150 की बोतल बेच रहे थे 25 रुपए के हिसाब से

कार्रवाई के दौरान कारखाने के परिसर में 3200 किलो वेजिटेबल सॉस था, जो लगभग 25 प्लास्टिक के ड्रमों में रखा पाया गया था। इसे कद्दू के पल्प से तैयार कर घटिया एवं अखाध रंग मिलाकर सॉस तैयार किया जा रहा था। यह वेजिटेबल सॉस की 900 ग्राम वाली बोतल ₹25 प्रति बोतल के हिसाब से बेचा जा रहा था, जबकि बाजार में ब्रांडेड कंपनियों की सॉस की बोतल की कीमत लगभग ₹150 की बोतल है।



### बहुत गंदा था हाइजीन सेनिटेशन

फैक्ट्री की कंडीशन बहुत ही दयनीय पाई गई। हाइजीन सेनिटेशन बहुत गंदा था मौके पर ना तो फूड लाइसेंस पाया गया और ना ही किसी कर्मी का मेडिकल फिटनेस और ना ही पानी की जांच रिपोर्ट पाई गई। मौके पर इस वेजिटेबल सॉस का खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नमूना लेने के पश्चात समस्त माल को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, रमेश चंद यादव, नन्दकिशोर कुमावत व राजेश कुमार नागर शामिल रहे।

## हेरिटेज आयुक्त ने अमृत-2 योजना में काम की धीमी गति पर जताई नाराजगी

# मानसून सर पर और गलियां खोद रखी हैं, ब्लैक लिस्ट करो फर्म को

**मानसून से पहले काम पूरा करने के साथ ही सीवर के लिए की गई खुदाई को जल्द ढकने के निर्देश**

### सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में MLD कार्य शुरू नहीं होने पर लगाई फटकार

**बेधड़क** | जयपुर

शहर में चल रहे अमृत-2 योजना में चल रहे कार्यों निरीक्षण के लिए हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा शनिवार को शहर के दौरे पर रहे। उन्होंने चारदीवारी में चल रहे सीवरेज संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परकोटे की गलियों में जगह-जगह हो रही खुदाई को लेकर नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने कहा कि मानसून आने वाला है। गड्ढे को जल्द ढकने के निर्देश दिए, साथ ही निगम अधिकारियों को धीमी गति से काम करने पर फर्म को नोटिस जारी करने के निर्देश जारी किए। इस दौरान आयुक्त अभिषेक सुराणा ने तोपखाना देश चोकड़ी, ब्रह्मपुरी, विश्वेश्वर जी को चौकड़ी, गंगापोल, घाटगेट, मोदी खाना, कंवर नगर आदि क्षेत्र में चल रहे कार्यों का भी जायजा लिया।



### थर्ड पार्टी से कराएं जांच

आयुक्त अभिषेक सुराणा ने निगम के अधीक्षण अभियंता चरण सिंह मीणा को सीवरेज संबंधी कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द नियत समय अवधि मे कराने के निर्देश दिए, साथ ही इस दौरान आयुक्त सुराणा सभी कार्यों की जांच थर्ड पार्टी से करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान एक्सईएन किशनपोल योगेश कुमावत, हवामहल जोन के एक्सईएन महेंद्र सिंह, जेईएन मनोज मीणा सहित अन्य निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे।



### सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी देखा

वहीं, आयुक्त अभिषेक सुराणा ने जयसिंहपुरा खोर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया। प्लांट में 50 एमएलडी का कार्य शुरू नहीं होने पर फर्म को फटकार लगाई। निगम अधिकारियों को फर्म को नोटिस देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फर्म समय पर काम पूरा करें, धीमी गति से काम पूरा करने पर कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने के भी निर्देश दिए। वहीं, वार्ड नंबर 63 और 67 में चल रहे सीवरेज की सफाई कार्य का भी जायजा लिया।

## दर्जनों वारदात करना स्वीकारा

# किडनेप कर लूट करने वाली गैंग के 4 बदमाश गिरफ्तार




**बेधड़क** | जयपुर

किडनेप कर लूट करने वाली गैंग के 4 बदमाशों को खोह नागोरियान थाना पुलिस ने अरेस्ट किया है। लूट के लिए किडनेप युवक से मारपीट का वीडियो बदमाश अपने मोबाइल में बनाते थे। मौज-मस्ती का शौक पूरा करने के लिए बने बदमाशों ने पिछले 6 महीने में दर्जनों वारदात करना स्वीकार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में कई अहम खुलासे होने की संभावना जताई गई है। डीसीपी ईस्ट कावेन्द्र सागर ने बताया कि लूट के मामले में आरोपी समीर खान (19) निवासी अशरफ कॉलोनी नाई की थड़ी जयसिंहपुरा खोर, अमन अहमद (18) निवासी ईदगाह मोहल्ला ईच्छावतान गलतागेट, अयान खान (18) निवासी टिक्की ग्राम गलतागेट ओर हसनेन खान (18) निवासी भैरव नगर सोडाला को अरेस्ट किया है। पुलिस को आरोपियों के कब्जे से जब्त मोबाइल में किडनेप युवकों से मारपीट करने के वीडियो भी मिले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने पिछले 6 महीने से एक दर्जन से अधिक वारदात करना स्वीकार किया है। लूटे गए रुपयों से चारों आरोपी अय्यासी करते थे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## जगतपुरा, विद्या विहार कॉलोनी, वार्ड 120 का मामला

# वाटर कूलर हटाने के लिए धमका रहे बिल्डर्स

**बेधड़क** | जयपुर

एक तरफ भीषण गर्मी में सरकार आम जन के सहयोग से प्याऊ, वाटर कूलर समेत हर तरह से पेयजल का इंतजाम कर रही है, वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग निजी स्वार्थ के चलते पेयजल संसाधनों को हटाने के मंसूबे पाले बैठे हैं। ऐसा ही मामला जयपुर की विद्या विहार कॉलोनी के वार्ड 120 में सामने आया है। यहां रोड के पास में कुछ ही महीनों पहले भामाशाहों के सहयोग से लगे वाटर कूलर को हटाने के लिए कुछ बिल्डर्स लोगों को धमका रहे हैं। स्थानीय पार्षद छोटू राम मीणा के नेतृत्व में लोगों ने इसका जमकर विरोध कर प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन से बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही।



**भामाशाहों के सहयोग से पुण्य का काम हुआ:** पार्षद पूरे मामले को लेकर स्थानीय पार्षद छोटू राम मीणा ने कहा कि वाटर कूलर लगाने का काम भामाशाहों की सहयोग से किया गया है। यहां पर आसपास के लोग, आने जाने वाले राहगीर और काम करने वाले मजदूर पानी पीते हैं और अपनी प्यास बुझाते हैं। कुछ लोग निजी स्वार्थ के चलते इसको हटाने की बात कह रहे हैं तो हम इसका विरोध करते हैं। आगे बात करूंगा और इस वाटर कूलर को नहीं हटने दूंगा।

## प्रबोध शिक्षा वर्ग



*जयपुर। राष्ट्र सेविका समिति, वायव्य क्षेत्र के प्रबोध शिक्षा वर्ग का समापन समारोह शनिवार को सरस्वती बालिका आदर्श विद्या मन्दिर, जवाहर नगर सेक्टर-2 में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अथिति आरजेएस, सशस्त्र बल अधिकरण क्षेत्रीय शाखा जयपुर डॉ. चेतना, मुख्य वक्ता अखिल भारतीय निधि प्रमुख, चित्तौड़ प्रांत कर्यवाहिका वंदना वजीरानी, कार्यवाहिका प्रमिला शर्मा, वर्गाधिकारी नर्बदा इंदौरिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालन प्रांत कार्यवाहिका आ. संगीता जांगिड़ व प्रांत कार्यालय प्रमुख सीमा जुल्का ने किया। परिचय प्रांत सहसम्पर्क प्रमुख उषा मित्तल ने दिया।* **फोटो राजेश कुमावत**

## श्रमण संस्कार शिक्षण शिविर का समापन

# श्रेष्ठ तीन मंदिरों, विदुषियों और रत्नाकर अवॉर्डियों का किया सम्मान

**बेधड़क** | जयपुर

शहर के 46 दिगम्बर जैन मंदिरों में गत 15 मई से चल रहे 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन श्रमण संस्कार शिक्षण शिविरों सामूहिक समापन समारोह शनिवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में हुआ। ये शिविर श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान के अन्तर्गत संचालित संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय एवं अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति महिला महासमिति द्वारा श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति के सहयोग से आयोजित किए गए थे।





### 46 मंदिरों में पढ़ाए गए विषय

महाविद्यालय अधिष्ठात्री शीला डोड्या ने बताया कि नौ विषयों में से प्रत्येक विषय में प्रथम स्थान प्राप्त कर्ता को रत्नाकर एवार्ड दिया गया। साथ ही जयपुर के 46 मंदिरों में पढ़ाए गए विषयों में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को एवं चयनित श्रेष्ठ तीन मंदिरों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन डॉ. वंदना जैन एवं शालिनी बाकलीवाल ने किया।

### लघु नाटिका विवेक विहार का मंचन

प्रचार प्रसार संयोजक पदम जैन बिलाला ने बताया कि समारोह दीप प्रज्वलन और विदुषियों द्वारा मंगलाचरण के साथ प्रारंभ हुआ। अतिथि सांसद प्रत्याशी मंजु शर्मा, समाजसेविका सुशीला पाटनी, ममता सौगानी, समाजश्रेष्ठी नन्दकिशोर पहाड़िया, तरुण काला, रचना मोदी सभी का संस्थान के अध्यक्ष एस के जैन, प्रमोद पहाड़िया, पं. शीतल चन्द जैन एव अन्य पदाधिकारियों द्वारा सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। इसके बाद आचार्य विद्या सागर जी द्वारा किए गए उपकारों की लघु नाटिका विवेक विहार द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत की गई।

## जरूरी खबर

### युद्ध सैनिक के निधन पर कलेक्टर ने जताई संवेदना



**सीकर।** लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र के जांबाज सैनिक व 1965 व 1971 युद्ध में सराहनीय भूमिका निभाने वाले पूर्व सैनिक मांगीलाल मीणा के निधन पर जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने शनिवार को चुडीमियान स्थित मीणा के निज निवास पहुंच कर संवेदना व्यक्त कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। उनके परिजनों को सांत्वना दी। पूर्व सैनिक मीणा ने श्रीलंका शांति मिशन में भी योगदान दिया था। इस दौरान लक्ष्मणगढ़ अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट प्यारे लाल मीणा, कोषाध्यक्ष एडवोकेट कृष्ण कुमार व्यास आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### खतरनाक स्टंट करने पर आरोपी सहित जीप जब्त

झालावाड़। सोशल मीडिया पर ज्यादा से ज्यादा लाइक्स पाने एवं अपने फॉलोवर्स बढ़ाने की चाहत में चलती गाड़ी पर खतरनाक स्टंट करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। थाना झालरापाटन पुलिस ने शनिवार को आरोपी फरदीन खान निवासी निम्बारी गेट को गिरफ्तार कर स्टंट में प्रयुक्त थार जीप जब्त कर ली है। एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि आम सड़क पर खतरनाक तरीके से वाहन चलाकर चलती गाड़ी पर स्टंट कर सोशल मीडिया पर रील वायरल करने के मामले को काफी गंभीरता लेते हुए कार्रवाई की। एएसआई महावीर सिंह द्वारा ने यह कार्रवाई की है।

### नौकरी और प्रॉपर्टी के लालच में पत्नी ने कराई थी हत्या



**कोटा।** रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस ने बुधवार रात को क्वार्टर में सो रहे रेलवे कर्मचारी की चाकू मारकर हत्या की वारदात का खुलासा कर दिया है। सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि मामले की जांच थानाधिकारी पंकज आईपीएस (प्रो.) की ओर की गई। जांच में रेलवे कर्मचारी शंभूलाल की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पत्नी मंजू, उसके भाई मनीष व रामकेश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मोनू, फरदीन खान उर्फ गोलू को बापर्दा से गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही एक बाल अपचारी को भी निरुद्ध किया गया। पूछताछ में मंजू ने लोन माफी, मृतक की प्रोपर्टी व अनुकम्पा नियुक्त के लालच में आकर 5 लाख की सुपारी दी थी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण, यातायात की समुचित व्यवस्था करने के दिए निर्देश

# मतगणना के लिए तैयारी पूरी, थ्री लेयर की रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

बेधड़क | सीकर

जिला निर्वाचन अधिकारी कमर उल जमान चौधरी ने शनिवार को कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि सीकर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना 4 जून को सुबह 8 बजे से श्री कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय में होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया है कि मतगणना के दिन इस प्रकार की व्यवस्था की जाये कि श्री कल्याण सर्किल से बजरंग कांटे तक अनावश्यक रूप से लोगों की भीड़ एकत्रित नहीं हो। इस कार्य के लिए बेरीकेडिंग की व्यवस्था करने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये जा चुके है। सबसे पहले पोस्टल बैलट काउंट किए जाएंगे। इसके बाद ही ईवीएम के राउंड शुरू होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना के लिए जिला प्रशासन ने सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली है।



सुरक्षा के लिए थ्री लेयर की सिक्योरिटी लगाई गई है। लॉ एंड ऑर्डर लागू होते ही एडिशनल फोर्स तैनात की जाएगी। 4 जून को कल्याण सर्किल व बजरंग कांटा से लेकर एसके गर्ल्स कॉलेज तक ट्रांसपोर्ट पूरी तरह से बंद रहेगा। इस एरिया में सिर्फ अधिकृत व्हीकल्स ही प्रवेश करेंगे। कर्मचारियों की एंट्री के लिए अलग-अलग मार्ग बनाए गए हैं।

### गर्मी को देखते हुए किए पर्याप्त इंतजाम

गर्मी को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में कूलर, ठंडा पीने का पानी, एसी लगाई जाएगी। कॉमन एरिया में टेंट लगाकर ऊपर से बंद किया जाएगा ताकि धूप न लगे। हर विधानसभा व बूथ के हिसाब से अलग-अलग टेबल लगाए गए हैं। मतगणना पूरे तरीके से पारदर्शी होगी। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर हेमराज परिडवाल, नीमकाथाना अनिल महला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह जोधा, आठों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी, व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

### मतगणना कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

लोकसभा आम चुनाव के मतगणना र्मिकों की द्वितीय ट्रेनिंग शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में संपन्न हुई । जिला निर्वाचन अधिकारी सीकर कमर चौधरी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार निष्पक्ष मतगणना सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्मिकों को ट्रेनिंग दी गई है। उन्होंने बताया की मतगणना ट्रेनिंग के दौरान कार्मिकों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशो की संपूर्ण जानकारी दी जा रही है। इस दौरान मतगणना प्रशिक्षण प्रभारी बलदेवाराम बोजक सहित मतगणना कार्मिक उपस्थित रहें।

## महाकाल के दर्शन करने जा रहे थी पति-पत्नी

# एक्सप्रेस वे पर हुए दो हादसे दंपती की मौत, तीन घायल

बेधड़क | बांदीकुई (दौसा)

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह दो बड़े सड़क हादसों से खुशियां छीन गई। एक हादसे में कार ट्रक में घुसकर पलट गई, इसमें दंपती की मौत हो गई। जबकि दूसरे में एसयूवी कार टायर फटने से पलट गई। इससे कार में सवार 3 लोग बाल-बाल बच गए। दोनों हादसे दौसा जिले के बांदीकुई के अनंतवाड़ा गांव के पास हुए। थाना प्रभारी सुरेंद्र मलिक ने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बांदीकुई थाना क्षेत्र के पिलर संख्या 158 के पास कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई।

हाईवे एंबुलेंस से कार सवार तीन घायलों को दौसा जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां राजेश अवस्थी (58) और उनकी पत्नी फराह अवस्थी (55) की मौत हो गई। कार ड्राइव कर रहा बेटा दिव्यांक (22) घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि आगे की सीट पर दिव्यांक और राजेश बैठे थे। फराह पीछे की सीट पर थी। परिवार कानपुर (उत्तरप्रदेश) का रहने वाला है।





### कार ने अचानक ब्रेक लगाए तो हुआ हादसा

दिव्यांक ने बताया कि कार के आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे हमारी कार ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा कर बेकाबू हो गई। इसके बाद डिवाइडर से टकराते हुए सड़क के किनारे जा गिरी।

### इलाज में लापरवाही का भी आरोप

वहीं दिव्यांक ने यह भी लगाया कि हादसे के काफी देर बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची थी। हॉस्पिटल में भी आए तो स्ट्रैचर लाने में करीब 20 मिनट लगी। इसके बाद पिता को अंदर ले जाते ही मृत घोषित कर दिया। मां करीब एक घंटे तक ऐसे ही लेटी रही, कोई इलाज नहीं किया गया। फिर नली डालकर गले से खाना निकाला गया और मृत घोषित कर दिया।

### टायर फटने से पलटी कार

एक्सप्रेस-वे पर सुबह 9 बजे भी कार हादसा हुआ था। अनंतवाड़ा गांव के पास एक एसयूवी का टायर फट गया। तेज रफ्तार कार हाईवे से उतरकर पलट गई। कार में तीन लोग सवार थे, जिन्हें मामूली चोट आने की बात सामने आई है। हाईवे एंबुलेंस से घायल ड्राइवर सौरभ सिंह (31) निवासी निवाई (टोंक) एवं राजेश कुम्हार (43) साल निवासी गोविंदपुरी को हॉस्पिटल लाए। दौसा हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार को सीधा करवाया और बांदीकुई थाने में खड़ा करवाया है। कार आगे से क्षतिग्रस्त हो गई है। कार यूपी नंबर की है, जो जयपुर से दिल्ली की तरफ जा रही थी।

## दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लगी भीड़

# संत के सामने गर्मी भी बेबस... कर रहे हैं अग्नि तपस्या



बेधड़क | जयपुर

देश-प्रदेश में इन दिनों तेज गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। गर्मी से बचने के लिए लोग तरह-तरह के जतन कर रहे हैं। वहीं जिले के जोबनेर में एक संत ऐसे भी हैं जो अपने चारों तरफ आग जलाकर बीच में बैठकर तपस्या करने में लीन हैं।

यह अग्नि तपस्या जोबनेर के समीप मनसा पूर्ण हनुमान जी के मंदिर पर महंत सूर्य देव गिरि महाराज (फक्कड़ बाबा) कर रहे हैं। इस बीच भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आश्रम पहुंच रहे हैं और बाबा की इस कठोर तपस्या को देखकर लोग आश्चर्यचकित हैं। अग्नि-तप साधना में लीन संत सूर्य देवगिरि महाराज (फक्कड़ बाबा) जूना अखाड़ा सम्प्रदाय से है। इस संप्रदाय में नौतपा के दौरान 11 दिन तक अग्नि-तपस्या की जाती है। इसका समापन 4 जून को होगा। बाबा दोपहर 12।15 से 3 बजे तक रोजाना अपने चारों ओर गोबर के कन्डे जलाकर सिर पर ताप जलाकर तपस्या में लीन रहते हैं। मंशापूर्ण हनुमान मंदिर के महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि यहां रोज दोपहर में हनुमान चालीसा पाठ एवं राम धुनी का आयोजन भी किया जाता है। महिलाएं एवं पुरुषों की सैकड़ों की संख्या में रोजाना भक्तगण बाबा के दर्शन करने आ रहे हैं। यहां बड़ी संख्या में आए हुए महिला और पुरुष श्रद्धालु हनुमान चालीसा का पाठकर रहे हैं और राम धुनी कर रहे हैं। जब तक बाबा की तपस्या चलती है, तब तक श्रद्धालु भगवान की भक्ति करते रहते हैं।

## ससुर ने करवाया था मामला दर्ज

# यौनशोषण के आरोपी जीजा को 20 साल की कैद, 1.30 लाख जुर्माना

बेधड़क | बारां

जिले में विशिष्ट न्यायालय पॉक्सो की न्यायाधीश सोनिया बेनीवाल ने अपने एक फैसले में नाबालिग साली से यौन शोषण के अभियुक्त को बीस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1.30 लाख रुपए जुर्माने की सजा लगाया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक हरि नारायण सिंह ने बताया कि 7 फरवरी 2021 को पीड़िता के पिता ने सारथल थाने में इस आशय की रिपोर्ट पेश की थी कि 5 फरवरी 21 को उसके घर पर नाबालिग बेटी अकेली थी। उसकी बड़ी बेटी का पति घर आया। शाम को जब फरियादी घर आया तो उसे अपनी बेटी नहीं मिली। उसने बेटी और उसके बड़े जंवाई को बहुत तलाश किया, लेकिन वे नहीं मिले। उन्होंने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोपी को अपनी नाबालिग बेटी को भगा ले जाने का शक जताया। उन्होंने बताया कि इस रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ 8 नवम्बर 21 को आरोप पत्र दाखिल किया। अभियोजन की ओर से कुल 16 गवाह और 23 दस्तावेज पेश किए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद विशेष न्यायालय ने आरोपी को दोषी माना और अभियुक्त को 20 वर्ष की कठोर कारावास से दण्डित किया। साथ ही अलग अलग धाराओं में कुल एक लाख 30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मुलजिम गिरफ्तारी के समय से ही न्यायिक अभिरक्षा में था।




## छुट्टी मनाकर लौट रहा था परिवार

# ट्रेलर में घुसी वैन, 2 की मौत और 5 घायल

बेधड़क | चित्तौड़गढ़

जिले के बस्सी थाना इलाके में चित्तौड़गढ़-कोटा हाईवे पर नगरी गांव के पास छुट्टी मनाकर वैन से घर लौटता परिवार शनिवार सुबह हादसे का शिकार हो गया। हादसे में दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं 3 बच्चों समेत परिवार के 5 लोग घायल हो गए। वैन में परिवार के 7 सदस्य थे। बस्सी थानाधिकारी जयेश पाटीदार ने बताया कि राहगीरों ने घायलों की मदद की और पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक जानकारी में आया कि ओमनी वैन काफी तेज रफ्तार से आकर स्टोन से भरे ट्रेलर के पीछे जा घुसी। ट्रेलर का ड्राइवर ढाबे पर नाश्ता करने के लिए रुका था। ट्रेलर होटल के साइड में पार्क किया हुआ था। वैन में दो सगे भाई सुरेश गर्ग (52), मांगीलाल गर्ग (58), मांगीलाल की पत्नी बसंती (52), मांगीलाल की साली का बेटा चेतन (30) और तीन बच्चे चंचल (10), प्रीति (5) और रौनक (4) थे। हादसे में सुरेश और मांगीलाल की मौत हो गई। बस्सी थाने के एएसआई हंसराज ने बताया कि वैन में सवार परिवार उदयपुर जिले के भिंडर क्षेत्र के हिता गांव का रहने वाला था। सुरेश वैन चला रहे थे।



मांगीलाल बगल वाली सीट पर बैठे थे। मांगीलाल हैवी वाटर प्लांट रावतभाटा में इलेक्ट्रिकल टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत थे। उनके भाई सुरेश (52) वहां ठेकेदारी का काम करते थे। दोनों भाइयों का पैतृक गांव हिता है। बच्चियां चंचल और प्रीति सुरेश की भतीजी हैं। वे बुआ के घर रावतभाटा में छुट्टी मनाने कुछ दिन अपने गांव चित्तौड़गढ़ के डूंगला क्षेत्र में किशन करेरी से आई थीं। सुरेश व मांगीलाल दोनों बच्चियां को छोड़ने उनके गांव जा रहे थे। बच्चियों को किशन करेरी गांव छोड़ने के बाद परिवार पैतृक गांव भिंडर जाने वाला था। घायल चेतना मांगीलाल की साली का बेटा है। चंचल ने बताया कि हम गर्मी की छुट्टी में हिता गांव (भिंडर, उदयपुर) से हैवी वाटर कॉलोनी रावतभाटा (चित्तौड़गढ़) में बुआ के पास घूमने गए थे। वहां से अपने घर लौट रहे थे। तभी एक्सीडेंट हो गया।

## बीकानेर में वूलन इंडस्ट्री पर मंदी का साया, सरकार की अनदेखी और प्रोत्साहन से ऊन उद्योग के समक्ष चुनौतियां

# कभी एशिया की सबसे बड़ी ऊन मंडी का था दर्जा, आज मदद की दरकार

बेधड़क | बीकानेर

देश-दुनिया में रसगुल्ला और नमकीन के लिए बीकानेर मशहूर है। वहीं इस उद्योग के साथ एक उद्योग और भी है जो बीकानेर की खास पहचान दर्शाता है वह ऊन उद्योग है।

बीकानेर में तैयार होने वाली ऊन से बनने वाले कारपेट दुनिया के कई देशों में निर्यात होते हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों में भारतीय ऊन उद्योग का सबसे बड़ा प्रतिस्पर्धी देश चीन और तुर्की बन गया है, जिसके चलते यहां के उद्योग के सामने कई चुनौतियां आई हैं। हालांकि पिछले डेढ़ दशक में बीकानेर की वूलन इंडस्ट्री ने मंदी का बुरा दौर देखा है, लेकिन कोरोना के बाद दुनिया भर के देशों ने चीन से आयात और निर्यात एक तरह से बंद कर दिया, जिसके चलते चीन की बजाय दुनिया भर की वूलन इंडस्ट्रीज से जुड़े लोग भारत की तरफ देखने लगे और बीकानेर में ऊन उद्योग में बड़ा बूम आया। लेकिन अब फिर धीरे-धीरे चीन ने अपनी जगह वापस बना ली। जिसके चलते भारतीय ऊन उद्योग खासकर बीकानेर की वूलन इंडस्ट्री के लिए हालात फिर चुनौती पूर्ण हो गए हैं।



### सरकार सहयोग दें तो मिले सहारा

वूलन इंडस्ट्रीज से जुड़े कारोबारी सुनील कहते हैं कि इस उद्योग को बचाने के लिए सरकार को आगे आना होगा, क्योंकि बिना सरकारी प्रोत्साहन वूलन इंडस्ट्री आगे नहीं बढ़ सकती। एमएसएमई के नियमों में शिथिलता देने की मांग करते हुए वह कहते हैं कि एमएसएमई में रजिस्टर्ड व्यापारी को 45 दिन में भुगतान अनिवार्य है, जबकि कई बार स्थिति ऐसी नहीं होती है। इसलिए इस दायरे को सरकार को बढ़ाने के बारे में सोचना चाहिए। वहीं उद्योग को लेकर किसी खास तरह का पैकेज होने से यहां की इंडस्ट्री को संजीवनी मिल सकती है।

### रूस-युक्रेन युद्ध ने बिगाड़े हालात

वूलन कारोबारी सुनील कहते हैं कि यूरोपीय देशों में रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते भी कारपेट की डिमांड कम हुई है, क्योंकि दुनिया के कई देशों में होने वाले निर्यात पर इसका असर पड़ा है। क्योंकि भारतीय कारपेट की डिमांड यूरोपीयन देशों में भी ज्यादा है, लेकिन युद्ध के हालात से एक बारगी डिमांड में कमी आई है।

### अभी है 2 हजार करोड़ का कारोबार

बीकानेर में ऊन उद्योग का हर साल करीब दो हजार करोड़ का टर्न ओवर है, जिसमें करीब 100 इकाइयां हैं। हर फैक्ट्री में 550 से ज्यादा कार्ड मशीन लगी हुई है और हर मशीन में हर रोज 1000 किलो धागे का निर्माण होता है।

### चारागाह विकसित होने से भेड़ पालकों को मिलेगी राहत

ऊन कारोबारी अशोक सारडा कहते हैं कि भारतीय उद्योग यानी कि बीकानेर का बाजार पूरी तरह से आयातित ऊन पर निर्भर है। एक समय एशिया की सबसे बड़ी ऊन मंडी होने का दर्जा बीकानेर को प्राप्त था और इसका कारण था कि स्थानीय स्तर पर बीकानेर में ऊन उत्पादन बहुत होता था, लेकिन अब स्थानीय स्तर पर भेड़ों की संख्या धीरे-धीरे बहुत कम हो गई है और ऊन का उत्पादन नहीं होने से आयातित ऊन पर ही पूरी इंडस्ट्री निर्भर है। आयातित ऊन की लागत ज्यादा होने से प्रतिस्पर्धा में हमारा टिकना मुश्किल है। ऐसे में सरकारी स्तर पर गांवों में चारागाह विकसित हो और भेड़ पालकों को सुविधा मिले ताकि उनका उत्पादन बढ़ें। बीकानेर में यूरोप के कई देशों से ऊन का आयात किया जाता है और मुंबई और मुंद्रा पोर्ट से कंटेनर के जरिए ऊन बीकानेर पहुंचती है और वहां ऊन का धागा बनाया जाता है। फिर बीकानेर से ऊन के धागे को उत्तर प्रदेश के भदोही भेजा जाता है, जहां कारपेट बनाया जाता है। हालांकि बीकानेर में भी अब कारपेट की कई फैक्ट्रियां हैं। यह कारपेट दुनिया के कई देशों में निर्यात होता है।

संस्कृत भारती जयपुर प्रान्त का 15 दिवसीय संस्कृत प्रशिक्षण शिविर

# संस्कृत भाषा को बनाएं आम बोलचाल की भाषा: प्रो वाई एस रमेश

- सरल मानक संस्कृत का करें प्रयोग

बेधड़क | जयपुर

संस्कृत भारती जयपुर प्रान्त द्वारा सांगानेर आदर्श विद्या मंदिर में चल रहे 15 दिवसीय संस्कृत प्रशिक्षण शिविर के अष्टम दिवस पर बौद्धिक सत्र को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर के विभागाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र विद्या-शाखा प्रो वाई एस रमेश ने सम्बोधित करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा को आज हमें व्यावहारिक भाषा बनाना होगा, जिससे यह भाषा आम बोलचाल की भाषा बन सके।

लोकव्यवहार में संस्कृत भाषा को अन्य भाषाओं की तरह अनवरत रूप में रखने के लिए सरल संस्कृत को पढ़ाया जाना आवश्यक है। इस शिविर का मुख्य उदेश्य संस्कृत शिक्षण ही है, जिससे यह जन सामान्य की भाषा बन सके, जिन्होंने संस्कृत नहीं सुनी, वे संस्कृत को कठिन मानते हैं।

### डिग्री के बाद भी जुबां पर संस्कृत नहीं

रमेश ने कहा कि संस्कृत में डिग्री लेने के पश्चात भी लोगों के मुख में भाषा नहीं होती, क्योंकि भाषा का श्रवण नहीं किया होता है। अतःभाषा का श्रवण होना आवश्यक है। संस्कृत संभाषण के माध्यम से संस्कृत भाषा में वाक्य, शब्द निर्माण की प्रकिया को समझें, जिससे प्रशिक्षण के बाद ज्यादा से ज्यादा प्रशिक्षण शिविर चला कर संस्कृत सिखाया जा सके। हमें सरल मानक संस्कृत के द्वारा सरल रूप में संस्कृत को सिखाने पर बल देना चाहिए। सरल संस्कृत का आधार बनाकर सरलमुख संस्कृत का प्रचार करना आवश्यकत है। संस्कृत भाषा सरल है कठिन नहीं है।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वर्ग संयोजक डॉ. रघुवीर प्रसाद शर्मा वर्गाधिकारी डॉ. कानाराम जाट, प्रान्त प्रशिक्षण प्रमुख घनश्याम हरनेदिया, प्रबंध प्रमुख योगेन्द्र शर्मा, गीता शिक्षण प्रमुख डॉ. कमलकिशोर चोटिया, प्रान्त मंत्री कृष्ण कुमार कुमावत, चित्तौड़ प्रान्त मंत्री परमानंदमुख्य, शिक्षक मीठालाल माली, ललित किशोर, रामस्वरूप बैरवा, श्रीराम बैरवा, संतोष शर्मा, अनूप कुमार, कैलाश बैरवा, शुभम शर्मा और मनोज कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित थे। शिविर में सम्पूर्ण राजस्थान के 100 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं।

## Yuva स्टोरीज

### राष्ट्र सेविका समिति वायव्य क्षेत्र प्रबोध शिक्षा वर्ग



## 'महिलाएं स्वस्थ रहेंगी तभी समाज स्वस्थ होगा'

**जयपुर।** राष्ट्र सेविका समिति, वायव्य क्षेत्र के प्रबोध शिक्षा वर्ग का समापन समारोह शनिवार को सांय जवाहर नगर स्थित सरस्वती बालिका आदर्श विद्या मन्दिर में हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य डॉ. चेतना (सशस्त्र बल अधिकरण क्षेत्रीय शाखा-जयपुर) ने कहा कि महिलाएं स्वस्थ रहेंगी, तभी समाज स्वस्थ रहेगा।

समारोह का शुभारंभ मुख्य वक्ता वंदना वजीरानी (अखिल भारतीय निधि प्रमुख, चित्तौड़ प्रांत कार्यवाहिका), क्षेत्र कार्यवाहिका प्रमिला शर्मा, वर्गाधिकारी नर्बदा इंदौरिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रमिला शर्मा ने वर्ग का प्रस्ताव दिया और नर्बदा इंदौरिया ने वर्ग वृत्त प्रस्तुत किया।

इसके बाद एकल गीत के बाद मुख्य वक्ता डॉ. वन्दना ने राष्ट्र सेविका समिति की पृष्ठभूमि के बारे में बताया। वंदनीय मौसीजी के जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि प्रत्येक नारी की समाज व को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका है।

हम यह वर्ष अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाएंगे। वर्ष 2025 में संघ शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा ।

### 74 सेविकाओं ने किया नियुद्ध, दण्ड व व्यायाम का प्रदर्शन

प्रबोध प्रशिक्षित 74 सेविकाओं ने दण्ड, नियुद्ध, यष्टि, गण समता, व्यायाम योग आदि का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रांत कार्यवाहिका संगीता जांगिड व प्रांत कार्यालय प्रमुख सीमा जुल्का ने किया। परिचय प्रांत सहसम्पर्क प्रमुख उषा मित्तल ने दिया। कार्यक्रम में प्रांत कार्यकारिणी व अन्य दायित्ववान कार्यकर्ता भी उपस्थित रहीं।

### IIT व NIT प्लस सिस्टम में प्रवेश के लिए इंप्रूवमेंट का चांस

## CBSE: 12वीं बोर्ड की सप्लीमेंट्री एग्जाम 15 जुलाई से

**जयपुर।** सेंट्रल बोर्ड का सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) 12वीं बोर्ड पूरक परीक्षा का आयोजन 15 जुलाई को एक ही दिन में किया जाएगा। सप्लीमेंट्री परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यह 15 जून तक जारी रहेगी. वहीं 16 से 17 जून के बीच लेट फीस के साथ आवेदन किया जा सकेंगे। एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि 12वीं बोर्ड के कैंडिडेट एक ही सब्जेक्ट में सप्लीमेंट्री परीक्षा दे सकेंगे।

नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (NEP-2020) की नई नामकरण पद्धति के अनुसार कंपार्टमेंट के स्थान पर सप्लीमेंट्री परीक्षा शब्द प्रयोग में ले जाने का प्रावधान है. आईआईटी व एनआईटी-प्लस सिस्टम में 12वीं बोर्ड 2024 में अंक प्रतिशत पात्रता हासिल नहीं कर पाने वाले विद्यार्थी भी इस अवसर का उपयोग 'इंप्रूवमेंट आफ परफॉर्मेंस' के लिए कर सकते हैं। वे किसी एक विषय में 15 जुलाई को इंप्रूवमेंट का परफॉर्मेंस के लिए सम्मिलित हो सकते हैं। 12वीं बोर्ड सप्लीमेंट्री परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को संबंधित स्कूल से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

बोर्ड के जारी किए गए नोटिफिकेशन में उन सभी विषयों की सूची भी जारी की गई है, जिनमें विद्यार्थी सप्लीमेंट्री परीक्षा दे सकते हैं। सीबीएसई दसवीं बोर्ड की सप्लीमेंट्री परीक्षा भी 15 जुलाई से शुरू होंगी।

राजस्थान यूनिवर्सिटी... प्रवेश आवेदन दो दिन नहीं

# वेबसाइट नहीं चलना बना सबब, 3 से करेंगे शुरू

- 10 दिन तक दिए किए जा सकेंगे आवेदन

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए स्टूडेंट्स को थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। इस विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में अंडर ग्रेजुएशन (UG) कोर्सेज में 7000 से ज्यादा सीटों के लिए आज से शुरू होने वाली एडमिशन प्रक्रिया फिलहाल अगले 48 घंटे के लिए स्थगित हो गई है।

पता चला है कि प्रवेश प्रक्रिया को लेकर यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में कुछ तकनीकी समस्या आ रही है। इसके बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने फिलहाल एडमिशन प्रक्रिया को रोकने का फैसला किया है।

एक अखबार को राजस्थान यूनिवर्सिटी के डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर रामावतार शर्मा ने बताया कि एडमिशन प्रक्रिया आज से शुरू होने वाली थी, लेकिन सॉफ्टवेयर में दिक्कत होने की वजह से फिलहाल एडमिशन प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया है। इसे ठीक होने में भी 24 से 48 घंटे का वक्त लग सकता है। ऐसे में अब 3 जून से प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा। जो 12 जून (10 दिन तक) तक जारी रहेगी।




### इन कक्षाओं में होंगे एडमिशन

इसके आधार पर बीए, बीकॉम, बीएससी पास कोर्स, ऑनर्स कोर्स के साथ सर्टिफिकेट कोर्स के लिए स्टूडेंट्स को एडमिशन दिया जाएगा। इसके बाद 1 जुलाई से राजस्थान यूनिवर्सिटी के संगठक महारानी कॉलेज, महाराजा कॉलेज, कॉमर्स कॉलेज और राजस्थान कॉलेज में शैक्षणिक गतिविधि (पढ़ाई) की शुरुआत होगी।

### दो दिन कर सकेंगे फार्म में करेक्शन

शर्मा ने बताया- आवेदन के दौरान स्टूडेंट्स से काफी बार गलतियां भी हो जाती हैं, जिन्हें सही करने के लिए उन्हें 13 व 14 जून के दो दिन आवेदन में संशोधन करने का मौका भी दिया जाएगा। इसके बाद फाइनल कट ऑफ लिस्ट जारी होगी।

### फर्स्ट-सेकंड ईयर के लिए सेमेस्टर सिस्टम

ऐसे में यूनिवर्सिटी प्रशासन ने अंक प्रतिशत के आधार पर एडमिशन करने का फैसला किया गया है। प्रो. कटेजा ने कहा- पिछले साल राजस्थान यूनिवर्सिटी में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू हो गई थी। ऐसे में इस बार एडमिशन की प्रक्रिया नेशनल पॉलिसी के तहत की जाएगी। वहीं, फर्स्ट ईयर और सेकेंड ईयर के स्टूडेंट्स को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के तहत सेमेस्टर सिस्टम से गुजरना होगा।

### परसेंटेज के आधार पर एडमिशन, ना कि परसेंटाइल के

यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने कहा- राजस्थान यूनिवर्सिटी में इस बार परसेंटाइल फॉर्मूले की जगह परसेंटेज के आधार पर स्टूडेंट्स को यूनिवर्सिटी के अंडर ग्रेजुएशन कोर्सेज में एडमिशन दिया जाएगा, क्योंकि पिछले कुछ सालों में राजस्थान यूनिवर्सिटी में परसेंटाइल फॉर्मूले के आधार पर एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जा रही थी। इस प्रक्रिया से भी किसी एक बोर्ड के स्टूडेंट्स को नुकसान हो रहा था, जबकि परसेंटेज प्रक्रिया से दूसरे बोर्ड के स्टूडेंट्स को नुकसान हो सकता है।

मंत्री कुमावत के प्रयास लाए रंग

# पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती से हटी रोक



बेधड़क | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी द्वारा आयोजित पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती प्रक्रिया पर लगी रोक को उच्चतम न्यायालय ने हटा लिया है। इस निर्णय से प्रदेश के युवाओं के सपनों को नई उड़ान मिली है, जो लंबे समय से इस भर्ती के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे थे। आयोग ने 22 अक्टूबर 2019 को इस भर्ती की विज्ञप्ति जारी की थी, जिसके तहत 2 अगस्त 2020 को लिखित परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा के परिणाम 26 नवंबर 2020 को घोषित किए गए, जिसके बाद साक्षात्कार के दस चरण भी पूर्ण कर लिये गये हैं। हालांकि, 6 अक्टूबर 2023 को उच्चतम न्यायालय ने इस भर्ती में नियुक्ति पर रोक लगा दी थी, जिससे चयनित अभ्यर्थियों के भविष्य पर संकट के बादल छा गए थे। इस स्थिति को देखते हुए, राजस्थान सरकार के पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने पिछले दिनों विभागीय अधिकारियो की बैठक दौरान न्यायालय में युवाओं के पक्ष की मजबूत पैरवी करने के निर्देश दिए। विभाग की ओर से की गई प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप, माननीय न्यायालय ने भर्ती पर से रोक हटा ली है। इस फैसले से न केवल युवाओं को राहत मिली है, बल्कि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता भी स्पष्ट हुई है, जो अपने कार्यकाल में निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ नियुक्तियां कर रही है।

### ये बोले पशुपालन मंत्री कुमावत

पशुपालन विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया, "हम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हैं। इससे न केवल युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि राज्य के पशुपालन क्षेत्र को भी मजबूती मिलेगी।" उन्होंने आश्वासन दिया कि विभाग शीघ्र ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करेगा। यह निर्णय न केवल पशु चिकित्सा के क्षेत्र में युवाओं को रोजगार प्रदान करेगा, बल्कि राज्य में पशु स्वास्थ्य सेवाओं को भी मजबूत करने में सहायक होगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन व्यवसाय को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## अभिजीत कुमावत को नासा से प्रदान किया गया प्रशंसा पत्र



**जयपुर।** नासा मुख्यालय के राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन की ओर से जयपुर के बीसीए स्टूडेंट अभिजीत कुमावत को प्रशंसा पत्र मिला है। महर्षि अरविंद इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट के स्टूडेंट अभिजीत को नासा को उसके सिस्टम में अज्ञात कमजोरियों के बारे में जागरूकता प्रदान करने के लिए ये सम्मान दिया गया है। उन्होंने स्वतंत्र सुरक्षा शोधकर्ता के रूप में भेद्यता की पहंचान करने और जिम्मेदारी से इसकी रिपोर्ट करने में नासा की वीडीपी नीति और दिशानिर्देशों का पालन किया। कुमावत ने अपनी सफलता में मेंटर सुनील चौहान, डॉ.महावीर सैन, डॉ अमन जैन एवं विपिन सिंह का भूमिका बताई। संस्था के निदेशक डॉ. भारत पाराशर ने इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## प्रिया धोबी ने 10वीं में हासिल किए 93% अंक

**जयपुर।** जयपुर की प्रिया धोबी ने 10वीं की परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक लाकर मान बढ़ाया। उन्होंने इसके लिए रोजाना कई घंटे पढ़ाई की और रीविजन पर ध्यान दिया। उनके मामा कालू धोबी ने बताया, कि प्रिया शुरू से पढ़ाई में होशियार है।



ग्रेडिंग | संस्कृत के शिक्षण संस्थानों के आकलन के लिए बनेगी समिति

# 26 आदर्श संस्कृत कॉलेजों व शोध संस्थानों को देंगे ग्रेड

- विभिन्न राज्यों के संस्थानों को दी जाएगी उच्चस्तरीय मानकता गुणवता के लिए ABCD ग्रेड

बेधड़क | जयपुर

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के आन्तरिक गुणवत्ता प्रत्यायन प्रकोष्ठ (IQAC) ने भारत के विभिन्न राज्यों में स्थित 22 आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों एवं 4 शोध संस्थानों को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार उच्चस्तरीय मानकता एवं गुणवत्ता प्रदान करने के लिए उन्नयन (GRADATION) कार्य का प्रथम चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न कर लिया है।

प्रथम चरण के अन्तर्गत केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेडी के आदेशानुसार एक समिति का गठन किया गया। यह समिति जयपुर परिसर के ज्योतिष विभागाध्यक्ष एवं IQAC के निदेशक प्रो. ईश्वर भट्ट के निर्देशन एवं जयपुर परिसर के निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है।




### ये हैं विशेषज्ञ

समिति के अन्तर्गत विशेषज्ञ के रूप में प्रो.एस.वी. रमणमूर्ति, वेदव्यास परिसर के ज्योतिष विभाग के सहायकाचार्य डॉ. मनोज श्रीमाल, शृंगेरी परिसर के कम्प्यूटर विभाग के प्राध्यापक डॉ. रवीश एन., जयपुर परिसर के डॉ. विनोद शर्मा एवं डॉ. प्रमोद कुमार बुटोलिया हैं। सर्वप्रथम समिति ने SSR तैयार कर सम्बन्धित महाविद्यालयों एवं शोध संस्थानों से प्रतिपुष्टि पत्र (FEEDBACK) प्राप्त किया। इसके बाद समिति द्वारा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.श्रीनिवास वरखेडी की सम्मति के उपरान्त संबंधित संस्थानों को सफलतापूर्वक SSR प्रेषित कर दिया गया। संबंधित संस्थान यह SSR पूर्णरूप से भर कर एक माह के अन्तराल में समिति को प्रेषित करेंगे। फिर, इन संस्थानों से प्राप्त SSR मूल्यांकन एवं Peer Team के निरीक्षण से प्राप्त अंक के आधार पर संस्थानों को A, B, C अथवा D में से ग्रेड प्रदान की जाएगी।

### उत्तम प्रकल्प होगा सिद्ध

विश्वविद्यालय की गुणवत्ता को बढ़ाने की दृष्टि से यह एक उत्तम प्रकल्प सिद्ध होगा। आंतरिक गुणवत्ता एवं प्रत्यायन प्रकोष्ठ का उद्देश्य केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय को विश्व के प्रमुख विश्वविद्यालयों की सूची में उच्चतर श्रेणी में लाना है।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

शाश्वत सनातन

*जयपुर को छोटी काशी कहा जाता है। इसका कारण यह है कि यहां हर सड़क के चौराहे-तिराहे पर कोई न कोई प्राचीन मंदिर जरूर मिल जाता है। इन्हीं में से एक है, चांदपोल बाजार में बना भगवान प्रभु श्रीराम का रामचन्द्र जी का मंदिर। यह जयपुर का सबसे पुराना राम मंदिर माना जाता है। इसकी स्थापना सन 1894 में हुई थी। 130 साल पुराना यह मंदिर जयपुर के भव्य मंदिरों में से एक है। रात के समय इसकी सुंदरता देखने लायक होती है।*

## जयपुर का सबसे पुराना राम मंदिर है चांदपोल बाजार में

# 18 साल 9 महीने और 24 दिन में तैयार हुई थी भगवान राम की मूर्ति

### महीने में सिर्फ एक दिन ही होता था मूर्ति का निर्माण

चांदपोल बाजार के इस मंदिर का निर्माण जयपुर के महाराजा सवाई रामसिंह की पत्नी गुलाब कंवर के द्वारा करवाया गया था। इसमें पांच चौक बने हुए हैं, जो मंदिर की सुंदरता में चार चांद लगाते हैं। इस मंदिर में विराजमान भगवान राम की प्रतिमा नक्षत्र के हिसाब से बनायी गई है। इसे बनाने में 18 साल 9 महीने 24 दिन का समय लगा था। इसे महीने में सिर्फ एक दिन ही बनाया जाता था। पुख्य नक्षत्र में ही इसका निर्माण किया जाता था। इसलिए ये मूर्ति तैयार करने में 18 साल का लंबा समय लगा।

### उत्तरी भारत का खास मंदिर

चांदपोल बाजार स्थित ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्रजी उत्तरी भारत का खास मंदिर है। यहां राम, सीता, लक्ष्मण सहित चारों भाई विराजमान है। यहां ठाकुर जी जगमोहन में विराजमान है और इसके बाद उतरते क्रम में चौक, उससे नीचे एक और चौक फिर बरामदा और फिर सड़क है। बाहर सड़क से भी ठाकुर जी के दर्शन आसानी से हो सकते हैं। प्रत्यक्ष है कि हाथी पर बैठकर यदि कोई आदमी निकले तो हौदा में बैठा व्यक्ति भी झुक कर भगवान के दर्शन कर सकता है। उन्होंने बताया कि यहां ठाकुर जी सभी भाई और माता जानकी के साथ विराजमान हैं, ऐसा यह उत्तर भारत में अकेला प्राचीन मंदिर है।





### अयोध्या से खास कनेक्शन

इस मंदिर में सबसे अनूठी बात यह है कि यह अयोध्या के कनक भवन की तर्ज पर बना है। जिस प्रकार अयोध्या में कनक बिहारी जी विराजमान हैं, उसी रूप में यहां भगवान रामचन्द्र को स्थापित किया गया है। इस मंदिर की दीवारों पर शानदार नक्काशी है। इसमें जगमोहन विष्णुजी के 24 अवतारों का चित्रण किया गया है। साथ ही नागफनी और सिंघमुख की छवि भी बनाई गई है। पूरा मंदिर परिसर भित्ति चित्रों से सजा हुआ है, जो देखने में अद्भुत और सुंदर है। मंदिर परिसर की संगमरमर की दीवारों पर रामचरित मानस के प्रसंगों का भी चित्रण और वर्णन है।

### बिना किसी लैंटर के तैयार की गई मंदिर की छत

बताया जाता है कि रामनवमी पर यहां भगवान का जो श्रृंगार किया जाता है, उसमें विशेष आभूषण धारण कराए जाते हैं। ये सभी आभूषण रजवाड़ों के समय के हैं, जो अपने आप में अद्वितीय हैं। ये सभी आभूषण महत्वपूर्ण उत्सव पर ही काम में आते हैं। खासकर इन आभूषणों को रामनवमी पर भगवान को धारण कराया जाता है। मंदिर पुजारी ने बताया कि यहां मंदिर की छत बिना किसी लैंटर के तैयार की गई है। रामनवमी के अलावा श्री रामचंद्र जी मंदिर में वैशाख शुक्ल पंचमी पर मंदिर स्थापना दिवस के रूप में ठाकुर जी का पाटोत्सव और जानकी नवमी का भी विशेष आयोजन होता है। जानकी नवमी और उसका अगला दिन खास होता है। इन दो दिन ही जानकी माता के चरणों के दर्शन होते हैं। मान्यता है कि जो भी माता जानकी के चरणों के दर्शन कर पता है, वो सौभाग्यशाली होता है।






कविता

## मजदूर





अर्जुन सिंह राठौड़
टोंक, राजस्थान


लू के थपेड़ों में भी कितना सहज
है वो
गर्म माहौल में भी कितना सहज
है वो
पेट की अग्नि के आगे
सूरज की अग्नि में भी कितना सहज
है वो
सुबह साफ सुथरा पैराहन पहन के
निकला
अब फटेहाल सा है पसीने से
पैराहन उसका परेशान सा है
पर फिर भी कितना सहज है वो
खाल जल चुकी है पर परवाह
नहीं है
एड़ियां फट चुकी है पर परवाह
नहीं है
वह गोरे रंग की रोशनी तप कर
अंधेरा बन चुकी है
पर फिर भी कितना सहज है वो
ना परवाह है दह कि हर दिन खून
बेचता है
ठेकेदारों को अपनी जिंदगी बेचकर
भी कितना सहज है वो
उम्र ढल गई, दह ढल गई
खाल जल चुकी है
फिर भी खुश है वो
उसे मजदूरी मिल चुकी है।

शब्दों की सीख

## पुरुष भी रोता है



डॉ.कांता मीना
शिक्षाविद एवं साहित्यकार



अमन ज्योंही अपने नाना जी के स्कूटर पर बैठा, बोला-अरे नाना जी आज फिर आप देर से आए मुझे लेने। मेरे सभी दोस्त जा चुके हैं। हां बेटा, वो रास्ते में तुम्हारे लिए नए वाले मानचित्र लेने चला गया था। तुम्हीं ने तो सुबह बताया था। मानचित्र में अपने शहर का नाम व मौजूदा पर्यटन स्थल अंकित करना तुम्हारे अवकाश के दिनों का गृह कार्य है। अध्यापिका ने पहले ही करने को दे दिया है।

अच्छा, नानाजी आज मेरी चित्रकला की कॉपी का पेज अंकित ने फाड़ दिया था। आपको पता है मैं आज रोया नहीं, क्यों क्या हुआ। कल तक तो तुम बात-बात पर रोते थे। हां, पर नानाजी बाईजी कहती है कि लड़कियों की तरह क्या बात-बात पर रोते हो। इसलिए अब मैं नहीं रोऊंगा। आपको पता है मैडम भी कह रही थी पुरुष कभी नहीं रोते। नानाजी अमन की तरफ देख रहे थे। अभी तो तुम सिर्फ कक्षा सातवीं में हो और इतनी बड़ी-बड़ी बातें करते हों। पर, तुमने ये बात गलत कहीं है कि पुरुष रोते नहीं हैं। अरे भाई पुरुष भी तो इंसान ही है, वो कोई पत्थर के थोड़ी बने हैं। हां! पर पुरुष हर आम चीजों के लिए नहीं रोते हैं। उन्हें पता है वो उन्हें और मिल जाएगी।

पर पुरुष जब रोते हैं ना तो पत्थरो में भी क्रंदन हो जाता है। अच्छा पहले वो भी बात बात पर रोते हैं। फिर उन्हें बार-बार यह कहा जाता है कि क्या बात-बात पर रोते हो। फिर वो किसी विशेष बात पर रोते हैं। जैसे पहली बार कुछ विशेष वस्तु के खो जाने पर। अपने अजीत दोस्तों के बिछड़ जाने पर। प्रेम में असफल हो जाने पर। परीक्षा में पास हो जाने पर। अरे नानाजी परीक्षा में पास होने पर कोई रोता है क्या? उस वक्त तो खुश होता है। नानाजी बोले-रोता है, जब उसे बार-बार कोई ये कहे कि तुम पास नहीं हो पाओगे और जब वह अपनी लगन से उन लोगों को गलत साबित करता है। तब रोता है। अपनी मां के जाने पर, अपने पिता के गुम हो जाने पर पुरुष रोता है। फिर धीरे-धीरे वह रोना बंद कर देता है, क्योंकि वह पत्थर का हो चुका होता है। फिर वही लोग उससे कहते हैं, तुम कितने निष्ठुर, कितने पत्थर दिल हो चुके हो। इसलिए पुरुष रोता तो है पर अपने मन के भीतर। इसलिए अमन तुम भी रोया करो जब भी तुम्हारा रोने का दिल करे रोने से मन हल्का होता है। पर किसी विशेष के खो जाने पर।


अमन नानाजी की गोद में बैठ गया और बोला नानाजी ये लो टॉफी आज कक्षा में मेरे दोस्त का जन्मदिन था। इसलिए मुझे दो टॉफी मिली है। चलो मुंह खोलो... आ-आ, अमन ने देखा नानाजी की आंखों में आंसू थे। अमन ने अपने नानाजी के गालों पर चुंबन किया और हंसते हुए बोला क्या नानाजी आप भी लड़कियों की तरह रोते हो और हंसने लगा।

पुस्तक समीक्षा

## आस्था और अंधविश्वास के बीच की लकीरों की पड़ताल

लघुकथाकार सुरेश सौरभ के संपादन में संपादित लघुकथा साझा संग्रह 'मन का फेर' एक विशिष्ट संकलन है जो अंधविश्वास और उन पुरातन रीति-रिवाजों की जटिल परतों को गहराई से उजागर करता है, जिनकी आज के समय में आवश्यकता समाप्त होती जा ही है। यह संग्रह उन परंपराओं पर भी प्रकाश डालता है जो अपनी प्रासंगिकता अब खो चुके हैं।

इस संकलन की विशेषताओं में से एक लघुकथाओं की शैलियों में विविधता है। प्रत्येक लेखक पाठकों के लिए अपने अनुसार रोचक कथ्यों की समृद्धता प्रदान कर रहा है। योगराज प्रभाकर, संतोष सूपेकर ,मधु जैन, डॉ. मिथिलेश दीक्षित, मनोरमा पंत, विजयानंद 'विजय', सुकेश साहनी, हर भगवान चावला, सुरेश सौरभ, बजरंगी भारत, राम मूरत 'राही' सहित 60 उत्तम चयनित लघुकथाओं के लेखक समसामयिक मुद्दों पर रंग बिखेर रहे हैं। समय के साथ पुरानी पड़ती परंपरा एक बोझ के समान है, उस बोझ से जूझ रहे व्यक्तियों से लेकर अंधविश्वास में डूबे समुदायों के भयावह वृत्तांत तक, यह पुस्तक भीतर हमें विचार करने को प्रेरित करता है। 'मन का फेर' एक उत्कृष्ट रूप से तैयार किया गया संकलन है जो अंधविश्वास और पुरानी प्रथाओं की जटिलताओं और विश्ववसनीयता की गहराइयों को बारीकियों के साथ उजागर करता है। यह पाठकों को मानवीय स्थिति और विश्वास पर विचारोत्तेजक अन्वेषण प्रदान करता है। यह मानसिकता केवल धार्मिक आस्था तक ही सीमित नहीं है, बल्कि विज्ञान का नाम लेकर अंधविश्वास पैदा करने वाले पाखंडियों की भी कोई कमी नहीं। कुल मिलाकर जिस बात को हम जानकर सही या गलत कहते हैं, वही सत्य की राह है और जिसे मानकर सही या गलत कहते हैं, वह असत्य की राह हो सकती है।




*पुस्तक : मन का फेर (साझा लघुकथा संग्रह)*
*संपादक: सुरेश सौरभ*
*पृष्ठ संख्या: 144*
*मूल्य: ₹260/ (पेपर बैक)*
*समीक्षक: डॉ. चंद्रेश कुमार छतलानी*

### दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल को कोर्ट से नहीं मिली राहत

# केजरीवाल को आज करना होगा सरेंडर, अंतरिम जमानत पर फैसला 5 को

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली की राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत ने कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर शनिवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत अब पांच जून को अपना फैसला सुनाएगी। राउज एवेन्यू कोर्ट की न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि आदेश पांच जून को सुनाया जाएगा। ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू अपना पक्ष रखा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश हुए। ईडी ने अरविंद केजरीवाल का थोड़ी देर पहले का वीडियो कोर्ट को दिखाया। इस वीडियो में केजरीवाल खरगे के घर पर बैठक के लिए जा रहे हैं। बता दें कि खराब सेहत और मेडिकल टेस्ट का हवाला देते हुए केजरीवाल ने 7 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के लिए



सुप्रीम कोर्ट द्वारा केजरीवाल को दी गई अंतरिम जमानत शनिवार को समाप्त हो गई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को उनकी अंतरिम जमानत पर विरोध जताते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट केजरीवाल की याचिका पर विचार नहीं कर सकता, क्योंकि ट्रायल कोर्ट अंतरिम जमानत पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश में संशोधन नहीं कर सकता। ज्ञात रहे कि केजरीवाल ने ट्रायल कोर्ट में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। एक याचिका में नियमित जमानत की मांग की गई है, जबकि दूसरी याचिका में चिकित्सा आधार पर सात दिनों की अंतरिम जमानत मांगी गई है। उनकी नियमित जमानत याचिका पर सात जून को सुनवाई होनी है।

### ईडी ने अंतरिम जमानत पर आपत्ति जताई

ईडी की और से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा केजरीवाल ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वह आत्मसमर्पण करने जा रहे हैं। यदि केजरीवाल रविवार को सरेंडर कर रहे हैं तो यह बात स्पष्ट होनी चाहिए। मेहता ने यह भी कहा कि अंतरिम जमानत आवेदन इस अदालत में विचारणीय नहीं है। ऐसे में यह अदालत सुप्रीम कोर्ट के आदेश को संशोधित नहीं कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को दो जून को हर हाल में सरेंडर करने के लिए कहा है। ऐसे में तारीख मॉडिफाई नहीं की जा सकती है।

### केजरीवाल स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में झूठ बोल रहे हैं

मेहता ने कहा कि केजरीवाल स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में झूठ बोल रहे हैं। विशेष रूप से, अंतरिम जमानत के लिए अपनी याचिका में केजरीवाल ने दावा किया था कि गिरफ्तारी के दौरान उनका 6-7 किलोग्राम वजन कम हो गया था, जिसे वे रिहा होने के बाद भी वापस नहीं पा सके। केजरीवाल की और से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एन हरिहरन कहा कि उनका वजन 64 किलो है। जब उन्हें हिरासत में लिया गया था, तब उनका वजन 69 किलो था। हालांकि एएसजी एसवी राजू ने कहा कि केजरीवाल को सरेंडर करना होगा। वह इस अदालत के आदेश पर अंतरिम जमानत पर बाहर नहीं है। वह सुप्रीम कोर्ट की ओर से दी गई अंतरिम जमानत पर बाहर हैं।

---

### कांग्रेस नेता संदीप गुलवे शिवसेना यूबीटी में शामिल



**मुंबई**। महाराष्ट्र में विधान परिषद की चार सीटों पर जल्द ही होने वाले चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका लगा है। दरअसल नासिक से पार्टी के नेता संदीप गुलवे उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना यूबीटी में शामिल हो गए हैं। गुलवे ने शनिवार को शिवसेना यूबीटी की सदस्यता ली। ऐसी चर्चाएं हैं कि संदीप गुलवे नासिक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से शिवसेना यूबीटी के उम्मीदवार बनाए जा सकते हैं। द्विवार्षिक होने वाले शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव 26 जून को होने हैं। गुलवे ने शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत, सुभाष देसाई और दिवाकर रावते की मौजूदगी में सेना भवन में पार्टी की सदस्यता ली। गुलवे साल 2012 से 2017 के बीच नासिक जिला परिषद के सदस्य रहे थे।

### चुनाव आयोग ने मतदाताओं के प्रति जताई कृतज्ञता

**नई दिल्ली**। लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बीच चुनाव आयोग ने चुनौतियों और दुविधाओं के बावजूद मतदान करने वाले वोटरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। मतदान के बाद आयोग ने एक बयान में कहा कि भारतीय मतदाताओं ने 18वीं लोकसभा के गठन के लिए अपने सबसे प्रिय मतदान के अधिकार का इस्तेमाल किया। भारतीय लोकतंत्र और भारतीय चुनावों ने एक बार फिर जादू किया है। भारतीय मतदाता महान हैं। उन्होंने एक बार फिर जाति, पंथ, धर्म, सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक पृष्ठभूमि से परे जाकर मतदान किया है। आयोग का कहना है कि भारतीय मतदाता ही असल विजेता हैं। आयोग ने बताया कि वे सभी मतदाताओं को धन्यवाद और प्रशंसा देना चाहते हैं।

### इंडिया गठबंधन की बैठक: ममता और महबूबा नहीं हुई शामिल

# इंडिया गठबंधन को मिलेंगी 295 सीटें, बनेगी हमारी सरकार: खरगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के मतदान के बीच शनिवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक हुई। वस्तुतः गठबंधन ने कांग्रेस की अगुवाई में बैठक कर एकजुटता दिखाने की कोशिश की। हालांकि, बैठक में टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती शामिल नहीं हुईं। दोनों ही पार्टियों का कोई प्रतिनिधि भी बैठक में नहीं पहुंचा। इस अनौपचारिक बैठक में गठबंधन के नेताओं ने लोकसभा चुनाव की मतगणना से जुड़ी तैयारियों एवं रणनीति चर्चा की।

बैठक के बाद कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों को 295 से अधिक सीटें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि लोगों से मिले फीडबैक के बाद हम इस आंकड़े पर पहुंचे हैं।



ज्ञात रहे कि सात चरणों में हुए आम चुनावों के लिए वोटों की गिनती 4 जून को होगी। खरगे ने कहा कि यह लोगों का सर्वे है। लोगों ने हमारे नेताओं को यह जानकारी दी है। सरकारी सर्वे मौजूद हैं और उनके मीडिया मित्र भी आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं। इसलिए हम आपको हकीकत बताना चाहते हैं। खरगे ने कहा, बैठक में कई विषयों पर चर्चा हुई। खासतौर पर चुनाव परिणाम के समय क्या-क्या कठिनाइयां आ सकती हैं और कैसे उसे ठीक करना है। कार्यकर्ताओं को क्या-क्या निर्देश दिए जाने हैं, इस पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक पार्टियों ने अपने कार्यकर्ताओं को फॉर्म 17 सी के बारे में भी निर्देश दिए हैं और कहा है कि जब तक उन्हें चुनाव का प्रमाण पत्र नहीं मिल जाता, तब तक वे मतगणना हॉल से बाहर न निकलें। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। जो समुद्र की ओर चेहरा करके बैठे हैं, उसकी सच्चाई ये है कि उन्होंने जनता की ओर पीठ कर ली है। इस बार जनता भी उनके खिलाफ खड़ी हो गई है।

### बैठक में यह नेता हुए शामिल

खरगे के आवास '10 राजाजी मार्ग' पर हुई इस बैठक में खरगे, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और के.सी. वेणुगोपाल, राकांपा (एससीपी) के प्रमुख शरद पवार, आम आदमी पार्टी के प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव शामिल हुए। माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी,भाकपा के महासचिव डी. राजा, राजद नेता तेजस्वी यादव, द्रमुक के टी.आर. बालू, झारखंड मुक्त मोर्चा के नेता एवं झारखंड के सीएम चंपई सोरेन, शिवसेना (यूबीटी) के अनिल देसाई,भाकपा(माले) के नेता दीपांकर भट्टाचार्य और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी ने भी इस बैठक में भाग लिया।

### लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है

खरगे ने बैठक का वीडियो 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा, मतगणना वाले दिन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए 'इंडिया' के घटक दलों के नेताओं ने शनिवार को अनौपचारिक बैठक की। लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता बेहद सतर्क हैं। हमने अपनी पूरी ताकत से लोकसभा चुनाव लड़ा है और सकारात्मक परिणाम को लेकर आश्वस्त हैं, क्योंकि भारत के लोगों ने हमारा समर्थन किया है। बदलेगा भारत, जीतेगा इंडिया। कांग्रेस ने अपनी राज्य इकाइयों को फॉर्म 17सी को लेकर सतर्क रहने को कहा है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने पहले ही कह दिया था कि वह इस बैठक में शामिल नहीं हो सकेंगी।

### एग्जिट पोल डिबेट पर यू टर्न

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि इंडिया गठबंधन की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एग्जिट पोल्स से संबंधित भाजपा व उसके तंत्र को बेनक़ाब करना आवश्यक है। एग्जिट पोल्स की डिबेट्स में भाग लेने के पक्ष और विरोध के तमाम पहलुओं पर चर्चा के पश्चात सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि इंडिया गठबंधन के तमाम सदस्य दल एग्जिट पोल्स की डिबेट्स में हिस्सा लेंगे। शुक्रवार को कांग्रेस ने कहा था कि वह टीआरपी के खेल की लड़ाई और अटकलबाजी में शामिल नहीं होना चाहती है।

### पूर्वोत्तर के दो राज्यों में मतगणना की तैयारी पूर्ण

# सिक्किम व अरुणाचल में मतगणना आज

**एजेंसी** | गुवाहाटी

सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे रविवार को आएंगे। सिक्किम विधानसभा की 32 सीटों और अरुणाचल विधानसभा की 60 सीटों के लिए 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के साथ वोटिंग हुई थी। मालूम हो कि सिक्किम में लोकसभा की केवल एक सीट है। मतगणना 2 जून को सुबह 6 बजे शुरू होगी। लोकसभा के लिए वोटों की गिनती 4 जून को होगी। सिक्किम में मुख्य रूप से सत्तारूढ़-सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा और उसके प्रमुख विपक्षी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के बीच मुकाबला है। भाजपा लगभग 5 सीटों पर लड़ाई में है। इसके अलावा सिटिजन एक्शन पार्टी भी मैदान में थी, जो धीरे-धीरे एक ताकत के रूप में उभर रही है। सिक्किम में एसकेएम लगातार दूसरी बार सत्ता बरकरार रखने के प्रयास में है। एसडीएफ साल 2019 तक 25 साल तक सत्ता में रहा जो अब वापसी की कोशिश कर रहा है।

### अरुणाचल में भाजपा 10 सीट निर्विरोध जीत चुकी, 50 पर होनी है मतगणना

अरुणाचल प्रदेश में भाजपा 10 सीट मतदान से पहले ही जीत चुकी है। इसलिए मतदान केवल 50 सीटों के लिए हुआ था। दरअसल, मुख्यमंत्री पेमा खांडू और डिप्टी सीएम चोवा मीन सहित भाजपा के 10 उम्मीदवारों ने अपनी सीटें निर्विरोध जीत लीं हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सैन ने बताया, 25 जिला मुख्यालयों के 40 मतगणना केंद्रों पर रविवार सुबह 6 बजे वोटों की गिनती शुरू होगी। गौरतलब है कि अरुणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को 82.95% मतदान हुआ था। भाजपा ने सभी 60 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, वहीं विपक्षी कांग्रेस ने केवल 19 सीटों पर चुनाव लड़ा था।

### मोदी तीसरी बार पीएम बने तो सिर मुंडा लूंगा: भारती

**नई दिल्ली**। दिल्ली के एग्जिट पोल के नतीजों के बीच आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती ने दावा किया कि यदि केंद्र में नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो वे अपना सिर मुंडा लेंगे। सोमनाथ भारती ने एक्स पर कहा कि चार जून को नतीजे आने के बाद सारे एग्जिट पोल गलत साबित होंगे। एग्जिट पोल के सर्वेक्षण बता रहे हैं कि भाजपा दिल्ली में क्लीन स्विप कर सकती है।

### मानहानि का केस

# कोर्ट ने सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार को दी जमानत



**एजेंसी** | बेंगलुरू

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके डिप्टी डीके शिवकुमार को भाजपा की ओर से दायर मानहानि के मामले में अदालत ने जमानत दे दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा ने कांग्रेस नेताओं पर तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई सहित अपनी पार्टी के नेताओं के खिलाफ झूठे विज्ञापन देने का आरोप लगाया था। बता दें कि सिद्धारमैया और शिवकुमार शनिवार को व्यक्तिगत रूप से 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के सामने पेश हुए। उनकी दलील सुनने के बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी। भाजपा एमएलसी और महासचिव केशव प्रसाद ने सिद्धारमैया,शिवकुमार और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। वहीं , कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधते हुए अखबार में 'भ्रष्टाचार रेट कार्ड' से विज्ञापन प्रकाशित करवाया था। बता दें कि चुनाव आयोग ने विज्ञापन को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताया था। इसके बाद कांग्रेस को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया। चुनाव आयोग ने कांग्रेस से 7 मई तक इस नोटिस का जवाब भी मांगा था। बता दें लोकसभा चुनाव के शुरू होते ही अचार संहिता लागू हो गई थी। आचार संहिता के प्रावधान 2 के मुताबिक चुनाव प्रचार के दौरान विरोधी पार्टी की वर्तमान और पूर्व नीतियों और मुद्दों पर बात की जा सकती है, लेकिन उन मुद्दों पर कोई बातचीत नहीं होगी, जिससे जनता का कोई लेना-देना न हो। अगर ऐसा होता है तो इसे आचार संहिता का उल्लंघन मान लिया जाता है।

### शिवकुमार के पशु बलि के दावे को केरल सरकार ने किया खारिज

केरल सरकार ने शनिवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के उस दावे को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि उत्तरी केरल में एक मंदिर के पास उनके (शिवकुमार), मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और कांग्रेस सरकार को लक्ष्य करके पशु बलि दी गई थी। केरल के देवस्वोम मंत्री के राधाकृष्णन ने कहा कि शिवकुमार ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और कांग्रेस सरकार और खुद उनके (शिवकुमार) को लक्ष्य करके राज्य के कन्नूर जिले के तालीपरम्बा में राजराजेश्वर मंदिर के पास पशु की बलि दिए जाने का बड़ा आरोप लगाया है। मंत्री ने कहा, हमने दावे की जांच की और मालाबार देवस्वोम बोर्ड से भी संपर्क किया। हमें जो प्रारंभिक रिपोर्ट मिली है उसके अनुसार मंदिर में या उसके आसपास ऐसा कुछ नहीं हुआ है। देवस्वोम बोर्ड ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि शिवकुमार ने ऐसा आरोप क्यों लगाया। विशेष शाखा ने राज्य पुलिस प्रमुख को एक रिपोर्ट भी दी है जिसमें कहा गया है कि केरल में किसी मंदिर के पास किसी पशु की बलि दिए जाने का कोई सबूत नहीं है। शिवकुमार ने गुरुवार को दावा किया था कि उन पर तथा सीएम सिद्धारमैया और कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को लक्ष्य करके केरल के एक मंदिर में 'शत्रु भैरवी यज्ञ' नाम का एक अनुष्ठान किया गया, जिसमें जानवरों की बलि दी जाती है। किसी के नाम का खुलासा किए बिना उन्होंने आरोप लगाया था कि कर्नाटक में कुछ राजनीतिक लोग ऐसा अनुष्ठान करवाए और इसके लिए अघोरियों से सलाह ली जा रही थी।

---

### पूरी हुई PM मोदी की ध्यान साधना

# 45 घंटे तक ध्यान... सूर्य को जल अर्पित... विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि

**एजेंसी** | चेन्नई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 45 घंटे की ध्यान साधना पूरी हो गई है और तमिल संत कवि तिरुवल्लुवर को पुष्पांजलि अर्पित की। ध्यान सत्र के समापन पर, सफेद वस्त्र पहने मोदी ने स्मारक के बगल में स्थित उस परिसर का दौरा किया जहां तिरुवल्लुवर की 133 फीट ऊंची प्रतिमा स्थित है और वहां एक विशाल माला चढ़ाई। वह नौका से प्रतिमा परिसर पहुंचे और बाद में नौका सेवा का इस्तेमाल करते हुए तट पर पहुंचे। पीएम मोदी ने गुरुवार शाम देश के सबसे दक्षिणी छोर पर स्थित कन्याकुमारी के प्रसिद्ध विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की ध्यान साधना शुरू की थी। उन्होंने विवेकानंद रॉक मेमोरियल में सूर्योदय के समय 'सूर्य अर्घ्य' देने के बाद शनिवार को तीसरे और अंतिम दिन अपनी ध्यान साधना शुरू की थी। उन्होंने एक लोटे से समुद्र में सूर्य को जल अर्पित किया और माला जपी।



### असीमित ऊर्जा महसूस कर रहा हूं: पीएम मोदी

पीएम ने अपने ध्यान साधना से बाहर आने के बाद कहा कि असीमित ऊर्जा महसूस कर रहा हूं। इससे पहले स्मारक पर अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने ध्यान लगाया और सूर्योदय के समय 'सूर्य अर्घ्य' दिया। अधकारियों ने बताया कि पीएम मोदी अपने हाथों में 'जाप माला' लेकर मंडपम के चारों ओर चक्कर लगाते दिखे। वे भगवा वस्त्र पहने हुए थे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। ज्ञात रहे कि 'सूर्य अर्घ्य' आध्यात्मिक अभ्यास से जुड़ी एक परंपरा है, जिसमें भगवान सूर्य को जल अर्पित कर उन्हें नमन किया जाता है।

### ध्यान योग पर विपक्ष हमलवार

हालांकि इस ध्यान योग पर विपक्ष हमलवार भी है। प्रधानमंत्री के प्रवास के मद्देनजर द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता एवं जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने आरोप लगाया कि पर्यटकों को उस क्षेत्र में जाने की अनुमति नहीं है, जिससे स्थानीय व्यवसाय पर गंभीर असर पड़ा है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दावा किया कि इसके अलावा, इस क्षेत्र को जहाजों और विमानों के लिए निषिद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया गया।



### भाजपा ने जारी की थी पीएम मोदी की कुछ तस्वीर

ज्ञात रहे कि कन्याकुमारी सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए मशहूर है और मेमोरियल तट के पास एक छोटे-से टापू पर स्थित है। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान साधना शुरू की थी। भाजपा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक संक्षिप्त वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें प्रधानमंत्री एक लोटे से समुद्र में सूर्य को जल अर्पित करते और माला जपते नजर आ रहे थे। पार्टी ने पोस्ट में कहा, 'सूर्योदय, सूर्य अर्घ्य, आध्यात्मिकता'। भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी की कुछ तस्वीरें भी पोस्ट कीं थी, जिसमें वह भगवा कुर्ता, शॉल और धोती पहने हुए ध्यान मंडपम में ध्यान में लीन दिखाई दे रहे थे।

## जरूरी खबर

### मई में जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** देश का सकल जीएसटी संग्रह मई में बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। सालाना आधार पर इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। पिछले महीने जीएसटी संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, मई 2024 में जीएसटी राजस्व 1.73 लाख करोड़ रुपए रहा। मई संग्रह में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि घरेलू लेनदेन से राजस्व में मजबूत वृद्धि (15.3 प्रतिशत ऊपर) की वजह से है। रिफंड के लिए लेखांकन के बाद, मई 2024 के लिए शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.44 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.9 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में मई 2024 तक सकल जीएसटी संग्रह 3.83 लाख करोड़ रुपए रहा।

### केरल में बारिश के कारण कई इलाके जलमग्न



**तिरुवनंतपुरम।** केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून के जल्द दस्तक देने के दो दिन बाद राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। जिससे कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। कई जगह भूस्खलन और जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। कोट्टायम, इडुक्की और एर्नाकुलम के कुछ इलाकों में शुक्रवार रात से ही भारी बारिश जारी है। शुक्रवार की रात पहाड़ी जिले इडुक्की के अंदरूनी इलाकों में स्थित पूचपरा और कोलप्परा इलाकों में भूस्खलन के कारण कई मकान और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### दिनेश कार्तिक की क्रिकेट से संन्यास की घोषणा

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होने शनिवार को सोशल मीडिया के जरिए इसकी घोषणा की। उन्होंने भावुक पोस्ट के जरिए अपने प्रशंसकों और कोच को धन्यवाद दिया। कार्तिक ने अपने 39वें जन्मदिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा है। कार्तिक ने 26 टेस्ट मैचों में 1025 रन बनाए। इसके अलावा 94 वनडे मुकाबलों में 1752 रन बनाए। वहीं, 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 142.61 के स्ट्राइक रेट से 686 रन बनाए।

## लोकतंत्र की संजीवनी... मतदान के रंग





*नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण में शामिल 7 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान हुआ। इस दौरान मतदान केंद्रों पर लाइन लगी रही। चित्र में कोलाकाता के एक मतदान केंद्र पर मतदान करने के बाद प्रसन्न मुद्रा में इस्कॉन के साधु-संत। हिमाचल प्रदेश के शिमला में एक केंद्र पर मौजूद महिला मतदाता।*

### विभिन्न न्यूज चैनल-एजेंसियों के एग्जिट पोल जारी...यह है अनुमान

# मोदी सरकार लगाएगी हैट्रिक... राजग 353 से 400 पार संभव

■ 133 सीटों के आसपास सिमट सकता है इंडिया गठबंधन

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए सातवें व अंतिम चरण के लिए मतदान संपन्न होने के बाद अलग-अलग न्यूज चैनल और एजेंसियां एग्जिट पोल जारी किए हैं। अब तक सामने आए एग्जिट पोल के मुताबिक देश में एनडीए की लहर दिखाई दे रही है। ज्यादातर एग्जिट पोल में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 300 से 350 सीटें तक मिलने का दावा किया गया है। कई सर्वे में तो एनडीए के 400 करीब पहुंचने की भी बात कही गई है। इस हिसाब से एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने वाली है। मतगणना 4 जून को होगी और इसी दिन नतीजे आ जाएंगे। एबीपी सी वोटर ने भी एनडीए के लिए 353 से 383 सीटों का अनुमान लगाया है। वहीं एनडीटीवी के महापोल में एनडीए को 357 जीतें दी गई हैं। स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स और इंडिया टीवी के एग्जिट पोल में एनडीए को 400 पार बताया गया है। रिपब्लिक भारत ने एनडीए को 353 से 365 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। वहीं इंडिया गठबंधन 133 सीटों के आसपास सिमट सकता है। इंडिया टीवी ने भी एनडीए को 371 सीटें मिलने का अनुमान है। स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स के सर्वे में एनडीए 400 का आंकड़ा पार कर रहा है।





### आंध्र में TDP-BJP ओडिशा में बीजद को बहुमत संभव

विभिन्न एग्जिट पोल के अनुसार आंध्र प्रदेश में सत्ता बदलने का अनुमान है। टीडीपी और भाजपा गठबंधन को 111-135 सीटें मिल सकती हैं। वहीं ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजद लगातार छठी बार सरकार बनाने के दावे कर रही है।

### राजस्थान... खुलेगा कांग्रेस का खाता

लोकसभा चुनाव 2024 के एग्जिट पोल में भाजपा को राजस्थान में बड़ा झटका लग रहा है। वहीं, कांग्रेस के उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है। ज्यादातर एंजेंसियों के एग्जिट पोल भाजपा के खाते में करीब 20 सीटें जाती दिखाई दे रहीं हैं, जबकि पांच से अधिक सीटों पर कांग्रेस को बढ़त मिलने का अनुमान जताया गया है। हालांकि, सभी एजेंसियों का आंकड़ा अलग-अलग है।

### BJP दक्षिण में बढ़ सकता है जनाधार आंध्र में राजग का क्लीन स्वीप संभव

एग्जिट पोल के नतीजों के अनुसार दक्षिण भारतीय राज्यों में भाजपा का जनाधार बढ़ने का अनुमान है। सी-वोटर के एग्जिट पोल के मुताबिक, आंध्र प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों पर एनडीए को 21-25 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस और सत्ताधारी पार्टी- वाईएसआर कांग्रेस का सूपड़ा साफ होने का अनुमान है। इसके अलावा कांग्रेस शासित प्रदेश कर्नाटक में भी भाजपा नीत राजग को 23-25 सीटें मिलने का अनुमान है। कर्नाटक में कुल 28 लोकसभा सीटें हैं। विभिन्न अनुमानों के मुताबिक गठबंधन इंडिया के प्रत्याशियों को 3-5 सीटें मिल सकती हैं। तेलंगाना में भी एनडीए को बड़ी बढ़त के आसार हैं। तेलंगाना की 17 लोकसभा सीटों में भाजपा को 7-9 सीटें तथा चकांग्रेस को भी इतनी ही सीटें मिल सकती हैं। भारत राष्ट्र समिति का सूपड़ा साफ होने का अनुमान है, जबकि एआईएमआईएम को एक सीट मिलने के आसार हैं।

### ओडिशा और बंगाल में भी भाजपा को फायदे का अनुमान

ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भी भाजपा को फायदे का अनुमान बताया जा रहा है। सर्वे में ओडिशा में भाजपा को 20 सीटें तक जीतने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसके साथ बीजद को एक या दो सीटें मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसी तरह बंगाल में भी भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बन सकती है। उसे बंगाल में 24 सीटों तक मिलने का अनुमान जताया जा रहा है। वहीं, टीएमसी को 17 और कांग्रेस को एक सीट मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है।

**लोकसभा चुनाव / एग्जिट पोल-2024 / सीटें : 543 / बहुमत : 272**

| एजेंसी | भाजपा+ | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| रिपब्लिक मैट्रिज | 353-368 | 118-135 | 118-135 |
| इंडिया न्यूज डी-डायनमिक्स | 371 | 125 | 47 |
| रिपब्लिक पीएमआरक्यू | 359 | 154 | 30 |
| जन की बात | 362-392 | 141-161 | 10-20 |
| न्यूज नेशन | 342-378 | 153-169 | 21-23 |
| इंडिया टीवी सीएनएक्स | 371-401 | 109-139 | 10-20 |
| टाइम्स नाऊ | 358 | 132 | 53 |
| एबीपी सी-वोटर | 353-383 | 152-182 | 04-12 |

### यूपी में भी भाजपा को फायदे का अनुमान

उत्तर प्रदेश में भाजपा+ को 2019 के मुकाबले बढ़त देखने को मिल रही है। उत्तर प्रदेश के 11 एग्जिट पोल्स में से अधिकांश पोल्स में एनडीए को प्रदेश की 80 सीटों में से 65 से ज्यादा सीटें मिलने के संकेत हैं। वहीं इंडिया गठबंधन को 14 से ज्यादा सीटें मिलती नहीं दिख रही हैं। वहीं अगर न्यूज नेशन के एग्जिट पोल को छोड़ दें तो बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के खाते में एक भी सीट न जाने के संकेत हैं।

### सलमान पर हमले की साजिश का खुलासा

## लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार लोग अरेस्ट

एजेंसी | मुंबई



नवी मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान पर हमले की साजिश रचने के आरोप में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। पुलिस ने कहा है कि आरोपियों की पाकिस्तान से हथियार मंगाने की योजना की थी। सलमान के बांद्रा स्थित आवास के बाहर हाल ही में हुई गोलीबारी की पृष्ठभूमि में यह गिरफ्तारी हुई है। आरोपियों की पहचान धनंजय तापेसिंह उर्फ अजय कश्यप, गौरव भाटिया उर्फ नाहवी, वास्पी खान उर्फ वसीम चिकना और रिजवान खान उर्फ जावेद खान के तौर पर की गई है।

पुलिस ने बताया कि लॉरेंस बिश्नोई गिरोह तुर्की निर्मित जिगना पिस्तौल से अभिनेता सलमान खान को मारने की तैयारी कर रहा था। इसी पिस्तौल का इस्तेमाल पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या में भी किया गया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नवी मुंबई पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि सलमान के पनवेल स्थित फार्महाउस में उन पर हमला करने की साजिश रची गई है, जिसके बाद नवी मुंबई पुलिस ने पिछले महीने जांच शुरू की थी। पुलिस ने बताया कि चारों गिरफ्तार आरोपी जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके छोटे भाई अनमोल बिश्नोई के संपर्क में थे तथा उन्होंने बिश्नोई भाइयों के इशारे पर फार्महाउस एवं उन स्थानों की रेकी की थी, जहां सलमान काम करते हैं। नवी मुंबई पुलिस ने अपनी प्राथमिकी में लॉरेंस बिश्नोई और अनमोल बिश्नोई समेत 17 व्यक्तियों को नामजद किया है। लॉरेंस बिश्नोई अभी गुजरात के अहमदाबाद की साबरमती केंद्रीय कारागार में बंद है, जबकि ऐसा माना जाता है कि अनमोल बिश्नोई अमेरिका या कनाडा में है।

### राहुल गांधी ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

## अग्निपथ योजना युवाओं से अन्याय

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक पत्र लिखकर अग्निपथ योजना की खामियां बताई हैं।

उन्होंने पत्र में कहा है कि अग्निपथ योजना में एक बड़ी कमी है और वो ये है कि इस योजना में सैनिकों का एक 'निम्न' कैडर बनाया जा रहा है, जिनसे सामान्य सैनिकों की तरह ही काम करने की उम्मीद की जाती है, लेकिन उसे वेतन और अन्य सुविधाएं कम मिल रही हैं। उन्होंने मोर्चे पर बलिदान हुए एक अग्निवीर का जिक्र कर केंद्र पर तीखा हमला बोला और इस योजना को युवाओं से अन्याय बताया है। राहुल गांधी ने कहा है कि अगर हम सरकार बनाते हैं तो अग्निवीर योजना को निरस्त कर देंगे।

पत्र में गांधी ने कहा, 'मैं आपसे (राष्ट्रपति) हस्तक्षेप करने का अनुरोध करता हूं। मैं मानता हूं कि राष्ट्रपति आम तौर पर नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं करते हैं, लेकिन सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर होने के नाते अपवाद की उम्मीद करता हूं।

### नए सांसदों के स्वागत की तैयारी

# न कागज ना हाजिरी... ऑनलाइन होगा पंजीकरण

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों का सातवां और आखिरी चरण का मतदान शनिवार को संपन्न हो गया। इसके साथ ही नए सदस्यों के सदन में आने पर उनके स्वागत व अन्य व्यवस्थाओं तैयारी भी लोकसभा सचिवालय ने पूरे जोर-शोर से शुरू कर दी है। इसके लिए कई व्यवस्थाएं की गई हैं। इतना ही नहीं अधिकारियों की एक स्पेशल टीम को इस काम के लिए लगाया गया है। 4 जून को मतों की गिनती होने वाली है। इसी दिन यह तय हो जाएगा कि 18वीं लोकसभा के सदस्य कौन-कौन होंगे। इस बार लोकसभा सचिवालय ने नए सांसदों के पंजीकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से पेपरलेस और तकनीक आधारित बनाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया ऑनलाइन एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से की जाएगी। पंजीकरण प्रक्रिया 5 जून से 14 जून के बीच जारी रहेगी और शनिवार- रविवार को भी रजिस्ट्रेशन जारी रहेगा। एकीकृत सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन में न केवल सांसद के बायो प्रोफाइल डाटा की प्रविष्टि की जाएगी, बल्कि इसमें प्रविष्ट की गई फेशियल और बायोमेट्रिक जानकारी के आधार पर पहचान पत्र जारी करने के साथ ही लोकसभा सांसदों और उनकी पत्नी/पति को सीजीएचएस कार्ड जारी किए जाने की व्यवस्था की गई है। 4 जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद सबसे पहले चुनाव आयोग निर्वाचित उम्मीदवारों की अधिसूचना जारी करेगा। इसके बाद नवनिर्वाचित सांसदों का दिल्ली आना शुरू हो जाएगा। उनकी यात्रा से पहले लोकसभा सचिवालय के नोडल अधिकारी उनसे संपर्क करेंगे और दिल्ली पहुंचने पर एयरपोर्ट या रेलवे स्टेशनों पर उनका स्वागत करेंगे। इसके लिए लोकसभा सचिवालय विभिन्न टर्मिनलों पर विशेष स्वागत केंद्र बनवा रहा है।



### अब संसदीय सौंध में होगा पंजीकरण

पहले पंजीकरण संसद के पुराने भवन (अब संविधान सदन) में होता था। इस बार सचिवालय ने संसदीय सौंध में यह व्यवस्था की है। संसदीय सौंध में बैंक्वेट हॉल और प्राइवेट डाइनिंग रूम (पीडीआर) में 10-10 कंप्यूटरों के साथ कुल 20 डिजिटल पंजीकरण काउंटर स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक काउंटर पर डबल साइडेड स्क्रीन वाला डेस्कटॉप, प्रिंटर कम स्कैनर, बायोमेट्रिक और हस्ताक्षर प्राप्त करने के लिए एक टैब लगा हुआ है। फोटो खींचने और फेशियल रिकगनिशन के लिए अलग काउंटर हैं।

### तय स्थानों पर होगा स्वागत

नवनिर्वाचित सांसदों के हवाई, रेल या सड़क मार्ग से दिल्ली पहुंचने पर निर्धारित स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। इसके बाद उन्हें संसद एनेक्सी एक्सटेंशन बिल्डिंग में लाया जाएगा, जहां उनका फिर से स्वागत किया जाएगा और उन लोगों को फोन कनेक्शन, नए बैंक खाते, संसद भवन में स्मार्ट एक्सेस कार्ड, उनके वाहनों के लिए फास्टैग स्टिकर और राजनयिक पासपोर्ट समेत कई दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे।

### सांसदों के ठहरने की होगी व्यवस्था

पहली बार निर्वाचित होकर आने वाले सांसद या जो एक अंतराल के बाद फिर से निर्वाचित होकर पहुंचे हैं, उनके दिल्ली के सरकारी गेस्ट हाउस और वेस्टर्न कोर्ट हॉस्टल परिसर में ठहरने की व्यवस्था की जाएगी और उन्हें आवास भी आवंटित किया जाएगा। इसके अलावा निर्वाचित सांसदों को संविधान, लोकसभा के नियम और प्रक्रियाएं तथा कामकाज का संचालन और हैंडबुक समेत अन्य प्रकाशनों का एक सेट भी दिया जाएगा।

## पुणे पोर्श कांड: नाबालिग आरोपी की मां भी अरेस्ट

**पुणे।** पुणे पोर्श क्रैश कांड के 17 साल के आरोपी नाबालिग की मां को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। नाबालिग आरोपी का ब्लड सैंपल बदल देने की बात सामने आने के बाद से ही उसकी मां फरार थी। शुक्रवार रात वह मुंबई से पुणे पहुंचीं। जहां उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस को संदेह है कि लड़के की मां ने पैसों का लालच देकर अपने ही ब्लड से सैंपल बदलवा दिया।बता दें कि 17 साल के आरोपी की लग्जरी पोर्श कार से दो लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि घटना के वक्त नाबालिग नशे में धुत था और अस्पताल में उसका ब्लड सैंपल मां शिवानी से बदल दिया गया था।

विजन विद विनायक

## बॉलीवुड एक्टर अन्नू कपूर से विनायक शर्मा ने की अध्यात्म सहित कई मुद्दों पर बात

# औरत सिर्फ बच्चे पैदा करने के लिए नहीं, उसे सम्मान दें

**'हमारे बारह' के प्रमोशन के लिए आई टीम, वीरेंद्र भगत, रवि गुप्ता, संजय नागपाल व परितोष त्रिपाठी भी रहे मौजूद**





**बेधड़क | जयपुर**

सच बेधड़क के स्टूडियो में विजन विद विनायक शो में इस बार वर्सेटाइल एक्टर अन्नू कपूर पहुंचे और अपने शेरो-शायरी के अंदाज में खुलकर बातचीत की। इस दौरान सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड चीफ एडिटर विनायक शर्मा ने भी कभी अध्यात्म तो कभी सोसायटी के मुद्दों पर बात की। इस दौरान अन्नू कपूर के साथ फिल्म प्रोड्यूसर वीरेंद्र भगत, रवि गुप्ता, संजय नागपाल व परितोष त्रिपाठी के साथ ही एक्ट्रेस अंकिता द्विवेदी और अदिति भट्टपहरी भी मौजूद थे। सभी ने अपकमिंग मूवी 'हमारे बारह' पर बात की और मूवी की गहराई को साझा किया। गौरतलब है, कि मूवी 7 जून को रिलीज की जाएगी, जिसका कुछ स्थानों व लोगों में विरोध भी हो रहा है। इन सभी को लेकर कपूर और प्रोड्यूसर्स के साथ फिल्म डायरेक्टर कमल चंद्रा ने विचार रखे। फिल्म 'हमारे बारह' पर्दे पर मुस्लिम महिलाओं के संघर्ष को पेश करती है। टीजर में अन्नू कपूर का जोरदार अंदाज और एक्टिंग देखने को मिल रही है। फिल्म उत्तर प्रदेश के बैकड्रॉप में सेट की गई है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे महिलाओं को आज भी रूढ़िवादी सोच के चलते क्रूरता का सामना करना पड़ता है।

### पटकथा से परिवर्तन का प्रयास

सच बेधड़क के स्टूडियो में विनायक शर्मा से चर्चा में अन्नू कपूर ने कहा कि सब अपने क्षेत्र में काम करते हैं। हमारा काम बॉलीवुड से संबंधित है और हम एक कहानी से परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहे हैं। आज यह मूवी में जनसंख्या ही नहीं बल्कि तमाम मुद्दों को छुती है, जो समाज में परिवर्तन लाने वाले हैं।

### रंग कुछ और था, बना दिया कुछ

फिल्म की कंट्रोवर्सी को लेकर चल रही बातों के बीच सच बेधड़क के मंच पर डायरेक्टर कमल चंद्र ने कहा कि फिल्म का रंग कुछ और था, लेकिन इसको कुछ ही रंग बना दिया गया। विदेश में फिल्म की सराहना की जा रही है, लेकिन देश में इसका कई जगहों पर विरोध हो रहा है। फिल्म को धर्म के विरोध के रूप में प्रसारित किया जा रहा है, जो बिल्कुल गलत है। 7 जून के बाद फिल्म को देखने पर लोगों की प्रतिक्रिया बदल जाएगी।







### आपकी पहचान सिर्फ भारतीय होनी चाहिए

विनायक शर्मा के धर्म और समाज के सवाल पर कपूर ने कहा कि हिंदू-मुस्लिम-सिख-इसाई आपस में सब भाई-भाई वाली बात मुझे समझ नहीं आती है। यदि सब भाई-भाई हैं तो फिर बताने की क्या जरूरत है? जब आप घर से निकलो तब आपकी पहचान सिर्फ एक भारतीय की होनी चाहिए।

### दूसरों के हितों से बड़ा कोई धर्म नहीं

शर्मा के सवाल, लगातार देश के कई हिस्सों में फिल्म का विरोध होने और फिल्म से जुड़े लोगों को धमकियां मिलने के साथ धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लग रहा है। इसके जवाब में एक्टर परितोष त्रिपाठी ने कहा कि दूसरों के हितों से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हमारी फिल्म समाज को आईना दिखाने का काम कर रही है। फिल्म को देखने के बाद लोगों का नजरिया जरूर बदलेगा।

### किसी को टारगेट नहीं किया गया है

फिल्म प्रोड्यूसर संजय नागपाल ने बताया कि फिल्म में किसी धर्म को टारगेट नहीं किया गया है। लोग इसे लेकर अभी अपना परसेप्शन बना रहे हैं कि यह मुस्लिम फिल्म है, लेकिन हम फिल्म से देश की सबसे बड़ी समस्या जनसंख्या को लेकर बात कर रहे हैं।

### औरतों के सम्मान का संदेश जरूरी

मेकर्स ने कहा कि हम लोगों तक संदेश पहुंचाना चाहते हैं कि केवल औरत बच्चा पैदा करने के लिए नहीं है। उनको सम्मान देना चाहिए, जिसकी वे हकदार हैं। प्रोड्यूसर ने एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि एक बार एयरपोर्ट में देखा कि एक महिला के पास 5 बच्चे थे। उनको देखकर लगा कि महिलाएं सिर्फ बच्चे पैदा करने के लिए हैं।

## City इवेंट्स

### शिक्षा दान महोत्सव के पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए समर्पित समर्पण संस्था की ओर से 7 जुलाई को शिक्षा दान महोत्सव का आयोजन प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक प्रताप नगर स्थित रावत पब्लिक स्कूल के निर्मला ऑडिटोरियम में किया जाएगा। संस्था गतिविधियों व महोत्सव की विस्तृत जानकारी संस्था पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा मिलकर देते हुए पोस्टर का विमोचन करवाया। शिक्षा दान महोत्सव में संस्था द्वारा चयनित 155 जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा सहयोग के तहत फीस के चैक व शिक्षण सामग्री भेंट की जाएगी तथा संस्था द्वारा नियुक्त 45 एज्युकेशनल ब्रांड एम्बेसेडर्स, एज्युकेशनल एम्बेसेडर्स, एज्युकेशनल एसोशिएट्स को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, उपाध्यक्ष हीरा लाल बैरवा, विशिष्ट सदस्य रमेश कुमार बैरवा उपस्थित रहे।

### पर्यावरण संरक्षण की जगाएंगे अलख

**बेधड़क. जयपुर।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति अलख जगाने और प्रदेश को हराभरा बनाने के उद्देश्य से राजस्थान एनवायरनमेंट एंड एनर्जी कंजर्वेशन सेंटर (आरईईसीसी) की ओर से वर्ल्ड एनवायरमेंट डे पर 3 से 5 जून को तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आरईईसीसी और इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ लाइफ साइंसेज (आईएसएलएस) के सहयोग से वूमन साइक्लोथॉन होगी। सुबह 6:30 बजे होटल आमेर क्लार्क से 250 से अधिक महिलाएं साइकिल चलाते हुए जेएलएन मार्ग पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगी। इसी के साथ जोबनेर में 500 से अधिक पौधें रोपे जाएंगे। 4 जून को आमेर क्लार्क में वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे समिट का आयोजन होगा। इसमें पर्यावरण संरक्षण में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को नवाजा जाएगा। रवीन्द्र मंच की प्रबंधक सोविला माथुर ने बताया कि 5 जून की सुबह रवीन्द्र मंच परिसर में 500 से अधिक पौधे रोपे जाएंगे।

### खंब फाड़ प्रगटे नृसिंह भगवान



**बेधड़क. जयपुर।** चांदपोल बाजार के नींदड़ रावजी का रास्ता स्थित मंदिर श्री नृसिंहजी अग्रवाल पंचायत समिति का तीन दिवसीय पाटोत्सव शनिवार को नृसिंह लीला के साथ शुरू हुआ। मंदिर महंत पं. मनमोहन शर्मा के सान्निध्य में सुबह नृसिंह भगवान सहित अन्य विग्रहों का अभिषेक कर पूजन किया गया। अग्रवाल पंचायत समिति जयपुर अध्यक्ष चेतन अग्रवाल ने बताया कि शनिवार शाम को सजीव नृसिंह लीला का प्रदर्शन हुआ। बड़ी संख्या में लोगों ने इस लीला के दर्शन किए। भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए भगवान नृसिंह खंब फाड़कर प्रकट हुए।

**फोरम के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों ने ली शपथ**

## प्रेसिडेंट मोहित माहेश्वरी तो अजय चौहान जनरल सेक्रेट्री नियुक्त हुए



**बेधड़क | जयपुर**

फैडरेशन ऑफ राजस्थान इवेंट मैनेजर्स (फोरम) की वर्ष 2024-25 की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह होटल नोवोटेल जयपुर में हुआ। इस दौरान राजस्थान लघु उद्योग विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने फोरम के नए अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी, जनरल सेक्रेटरी अजय चौहान, उपाध्यक्ष हितेंद्र शर्मा व भुवनेश अग्रवाल, विनित जैन कोषाध्यक्ष, निवर्तमान अध्यक्ष महावीर शर्मा सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्यों सुनील विजयवर्गीय, नवीन शर्मा, शशांक शर्मा और चेतन छाबड़िया को निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई।

इवेंट मैनेजर्स डे के मौके पर हुए कार्यक्रम में अरशद हुसैन, इवेंट प्लानर रितुराज खन्ना, जे. डी. मेहता, फैशन डिजाइनर पूजा मोटवानी सहित अनेक व्यक्ति मौजूद थे। इस दौरान बॉलीवुड सिंगर शिबानी कश्यप ने बेहतरीन परफोर्मेंस दी। गौरतलब है राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों के इवेंट मैनेजर्स को संगठित कर राज्य के वैडिंग और एंटरटेनमेंट सेक्टर के विकास में फोरम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्य और केंद्र सरकार ने समय-समय पर इवेंट्स, हेरिटेज प्रमोशन और पर्यटन विकास की नीतियों के निर्माण में फोरम प्रतिनिधियों के दिए गए सुझावों पर गंभीरता दर्शाते हुए निर्णय लिए हैं।

**फिल्म मेकिंग के बच्चों द्वारा बनाई मूवी की स्क्रीनिंग**

## ओपन माइक के मंच पर सुनाई दी कविता, कहानी और गीतों की गूंज



**बेधड़क | जयपुर**

जवाहर कला केन्द्र की ओर आयोजित जूनियर समर प्रोग्राम ओपन माइक में बच्चों ने अलग-अलग विधाओं की प्रस्तुति दी। 15 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत ने कहा कि हार्मोनी में विभिन्न विधाओं का समावेश देखने को मिलता है। हर बच्चे में छिपी प्रतिभा होती है। इसे निखारने और उनके प्रस्तुतिकरण को मजबूत करने के लिए ही इस मुहिम की शुरुआत की गई। इस मौके पर नाट्य निर्देशक चंद्रदीप सिंह हाड़ा मौजूद रहे। उन्होंने भरत शब्द को परिभाषित करते हुए कहा, कि भ से भाव, र से राग और त से ताल।

ओपन माइक के मंच पर कविताओं, कहानियों, वाद्य यंत्रों की धुन और गीतों की गूंज सुनाई दीं। नायसा ने ढोलक की थाप के साथ 'छोटी छोटी गैया, छोटे छोटे ग्वाल' भजन गाकर माहौल को कृष्णमय बनाया। अलीना ने कविता में समय का महत्व समझाया। गांधार ने रैप सॉन्ग गाकर वाहवाही लूटी। 'एक छोटी सी बात पर तुमने आंखों की दहलीज भिगो दी, तुमने आशा कैसे खोदी', कविता पढ़कर मान्या ने सभी को मोटिवेट किया। दिविशा ने जिमनास्टिक कर कलाबाजियां दिखाई। फिल्म मेकिंग के बच्चों द्वारा बनायी गई मूवी की स्क्रीनिंग की गई। साथ ही फोटोग्राफी के बच्चों ने अपनी तस्वीरें प्रदर्शित की।

**जयपुर कॉट्योर शो** | **सीजन-12 में पेश हुए नायाब कलेक्शन**

## एक्ट्रेस और सुपर मॉडल्स ने सजाई फैशन की दुनिया

**बेधड़क | जयपुर**

जब कपड़ों पर हैरिटेज, मॉडर्न और टीवी-बॉलीवुड कलाकारों की सोच का रंग चढ़ा तो फैशन की एक अलग बानगी गुलाबी नगरी में देखने को मिली। डिजाइनर्स के क्रिएशन देखकर फैशन लवर्स रोमांचित थे। मौका था फैशन उत्सव जयपुर कॉट्योर शो-2024 सीजन-12 के पहले दिन का, जिसमें एक से बढ़कर एक कलेक्शन देखने को मिले। शो डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया, कि पहले दिन मनोज मालानी और राजेश चौधरी गेस्ट के रूप में आए



तो जेडी माहेश्वरी और सवर्ण शक्ति सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल दिवेदी आदि ने शिरकत की। इस मौके पर 9 सिक्वेंस हुए, जिसमें कई वर्ल्ड क्लास बेहतरीन कलेक्शन को जयपुर-दिल्ली की मॉडल्स के साथ टीवी-बॉलीवुड अदाकाराओं ने रैंप पर उतारा।

### बॉलीवुड एक्ट्रेस बनी शो स्टापर्स

पहले दिन क्राफ्ट काउंसिल बाय आर्टिजंस एंड वेवर्ड से दीपक संकित का कलेक्शन शोकेस किया गया। उन्होंने कलेक्शन में प्राचीन चीजों से नायाब क्रिएशन किया और रामायण काल की याद दिलाई। उनके लिए शो स्टॉपर एक्ट्रेस हेलेन शास्त्री रहीं। वहीं, लेबल हीनास से हीना बेलानी ने कपड़ों में जूलरी का इस्तेमाल करते हुए ब्राइड व ग्रूम के लिए तैयार की गई हायर रेंज शोकेस की। उनके लिए शो स्टॉपर एक्ट्रेस रुतवी तिवारी रही।

### कलेक्शन में राजस्थानी रंग

अन्य सिक्वेंस में बनड़ी से डिजाइनर शुभ व हीना माथुर ने राजस्थान की झलक कलेक्शन में उतारी, जो हर उम्र के लोगों को भाई। उनके लिए एक्ट्रेस दलजीत कौर ने वॉक करते हुए शो स्टॉपर रहीं। वहीं फ्यूशिया ब्राइडल कॉट्योर से आकांक्षा भल्ला ने फ्यूजन कलेक्शन शोकेस किया और युवाओं को आकर्षित करने में कामयाब रहीं। उनके लिए एक्ट्रेस श्रेया शरीन शो स्टॉपर बनीं।

### ये भी रहे आकर्षण

पहले दिन साक्षी गुप्ता ने डेली सोप से रिलेटेड कलेक्शन पेश किया और उनके लिए आस्था खंडेलवाल ने रैंप वॉक करते हुए शो स्टॉपर का किरदार निभाया। दशरथ सिंह सोढा के लिए मॉडल स्वाति जांगिड़ ने रैंप वॉक करते हुए शो स्टॉपर की भूमिका निभाई। आगमन से दशमेश और सिधार्थ की शो स्टॉपर तनु चौधरी रही।

### बाइडेन के एक कदम से भड़के पुतिन, कहा- मजाक न समझें

# रूस ने दी परमाणु हमले की चेतावनी



**एजेंसी** | मॉस्को

रूस और यूक्रेन के बीच लगातार युद्ध चल रहा है। इस बीच वरिष्ठ रूसी सुरक्षा अधिकारी दिमित्री मेदवेदेव ने शुक्रवार को रूस के खिलाफ सामरिक परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की बात करते हुए कहा कि वह मजाक नहीं कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि पश्चिम के साथ रूस का संघर्ष पूरी तरह युद्ध में बदल सकता है।

दिमत्री मेदवेदेव रूस के पूर्व राष्ट्रपति रह चुके हैं और पुतिन के करीबी हैं। मेदवेदेव की उग्र चेतावनी तब आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन की ओर से यूक्रेन को रूस के अंदर सैन्य ठिकानों पर अमेरिकी हथियार लॉन्च करने की हरी झंडी दी है।

मेदवेदेव ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम के साथ रूस का संघर्ष सबसे खराब स्थिति के मुताबिक विकसित हो रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि रूस मानता है कि नाटो देश इस युद्ध में सीधे तौर पर शामिल हैं। उन्होंने कहा,'रूस पहले से ही यूक्रेन की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले सभी लंबी दूरी के हथियारों को नाटो देशों के सैनिकों की ओर से सीधे नियंत्रित मानता है।' उन्होंने कहा कि यह कोई सैन्य सहायता नहीं, बल्कि यह हमारे खिलाफ सीधे युद्ध में कूदना है। इस तरह की कार्रवाई सीधे युद्ध को भड़काना है।

#### परमाणु हमले की धमकी

मेदवेदेव ने कहा कि अगर पश्चिम को यह लगता है कि रूस यूक्रेन के खिलाफ सामरिक परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने के लिए तैयार नहीं है तो वह घातक भूल कर रहा है। उन्होंने दुश्मन देशों पर हमले के लिए रणनीतिक परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की भी संभावना का उल्लेख किया। इस दौरान उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया। मेदवेदेव ने कहा, 'अफसोस, न हम डरा रहे हैं और न ही झांसा दे रहे हैं। पश्चिम के साथ वर्तमान सैन्य संघर्ष सबसे खराब संभावित परिदृश्य के अनुसार विकसित हो रहा है।'

#### 'हमारे हथियार इस्तेमाल कर सकता है यूक्रेन'

जर्मनी की सरकार ने कहा है कि यूक्रेन रूसी सीमा पर स्थित स्थानों से होने वाले हमलों के खिलाफ उसकी ओर से भेजे गए हथियार इस्तेमाल कर सकता है। सरकार ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि जर्मनी के करीबी देशों और यूक्रेन के साथ चर्चा करते हुए वह युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर निरंतर सहयोग प्रदान कर रही है। बयान के अनुसार, हाल में रूस ने खारकीव क्षेत्र, विशेष रूप से रूसी सीमा के निकट स्थित ठिकानों से हमले किए हैं। बयान में कहा गया है, 'हमारा मानना है कि यूक्रेन को अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत इन हमलों से खुद को बचाने का अधिकार है।' बयान में कहा, 'इसके लिए, वह अपनी अंतरराष्ट्रीय कानूनी प्रतिबद्धताओं के अनुसार, हमारी ओर से दिए गए हथियारों का भी इस्तेमाल कर सकता है।'

### पाकिस्तान: आतंकियों ने उड़ाया सैन्य वाहन

# IED विस्फोट, पाक सेना के 4 जवानों की मौत

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के अशांत उत्तरपश्चिम क्षेत्र में एक 'आईईडी' विस्फोट में सेना के कम से कम चार जवान मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार देर शाम हुई जब सुरक्षाबल देश के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के सरा बंग्ला और तारखानन इलाके में गश्त कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि 'आईईडी' से किए गए विस्फोट में पाकिस्तानी सेना के कम से कम चार जवानों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना के बाद सुरक्षाबलों को मौके पर भेजा गया और उन्होंने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। विस्फोट में शामिल दोषियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान चलाया गया है। पुलिस ने बताया, 'मृतक जवानों की पहचान जुबैर, एजाज, फैसल और आसिफ के तौर पर की गयी है जबकि घायलों की पहचान कादिर, नजीब और रहमान के रूप में की गयी है। अभी किसी समूह ने विस्फोट की जिम्मेदार नहीं ली है।'



#### तालिबान पर फिर होगा आरोप!

पाकिस्तानी सैनिकों पर ये हमला ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तान में टीटीपी आतंकवादियों की हमले लगातार तेज हुए हैं। पाकिस्तान की सरकार ने इसके लिए अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को जिम्मेदार ठहराया है, जिसके बाद दोनों के रिश्तों में बहुत तनाव आ गया है। पाकिस्तान की वायु सेना ने बीते मार्च महीने में टीटीपी के कथित ठिकानों को निशाना बनाते हुए अफगानिस्तान में हवाई हमले किए थे। इन हमलों के बाद तालिबान ने पाकिस्तान की सीधे युद्ध की धमकी दे डाली थी। ऐसे में इस ताजा हमले के बाद एक बार फिर पाकिस्तान और तालिबान के बीच तनाव बढ़ सकता है। पाकिस्तान कहता रहा है कि टीटीपी के आतंकी हमला करने के बाद अफगानिस्तान में चले जाते हैं।

#### मुठभेड़ में दो आतंकी मारे

पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक बन्नू जिले में सड़क किनारे विस्फोटक को लगाया गया था, जिसकी चपेट में जवानों का वाहन आ गया। वहीं, पाकिस्तानी सेना ने पेशावर के बाहरी इलाके हसन खेल में खुफिया सूचना के आधार पर दो चरमपंथियों को मार गिराया है, जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। कुछ दिन पहले क्षेत्र में इसी तरह के अभियान में पाकिस्तानी सेना के दो जवान चरमपंथियों के हाथों मारे गए थे। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग आईएसपीआर ने बताया कि मुठभेड़ गुरुवार देर शाम हुई थी।

### भारत ने चेताया तो एक्शन में आई श्रीलंका पुलिस

# ISIS के हैंडलर को किया गिरफ्तार

**एजेंसी** | कोलंबो

श्रीलंका की पुलिस ने प्रतिबंधित इस्लामिक स्टेट (ISIS) आतंकी संगठन के साथ कथित संबंधों के कारण भारत में अहमदाबाद हवाई अड्डे से गिरफ्तार किए गए चार श्रीलंकाई नागरिकों के संदिग्ध आका (हैंडलर) को गिरफ्तार कर लिया है। एक पोर्टल ने बताया कि कोलंबो में आपराधिक जांच विभाग ने गेराई पुष्पराजा उस्मान को गिरफ्तार किया। श्रीलंकाई पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की थी।

गुजरात के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने आईएसआईएस से संबंध रखने के आरोप में चार श्रीलंकाई नागरिकों को अहमदाबाद में हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया था। ये लोग 'इंडिगो' की उड़ान के जरिए श्रीलंका की राजधानी कोलंबो से 19 मई को चेन्नई पहुंचे थे।

#### 19 मई को हुई थी कार्रवाई

श्रीलंकाई प्राधिकारियों ने गुजरात में गिरफ्तार किए गए चार श्रीलंकाई नागरिकों के खिलाफ जांच के लिए पिछले महीने एक उच्च स्तरीय अभियान शुरू किया था। बता दें कि 19 मई को गुजरात एटीएस ने सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट पर आईएसआईएस से संबंध रखने वाले श्रीलंकाई नागरिकों को पकडॉ था। इनके नाम मोहम्मद नुसरत, मोहम्मद, फारूक, मोहम्मद नफरान और मोहममद रासदीन थे। इन आरोपियों ने कबूल भी किया था कि उनका संबंध आतंकवादी संगठन नेशनल तौहीद जमात से है। बाद में वे पाकिस्तानी आतंकी अबू बक्र अल बगदादी के संपर्क में आए थे और फिर आईएस में शामिल हो गए थे। उन्हें आतंकवादी गतिविधियों के लिए भेजा गया था और इसके लिए बड़ी रकम भी दी गई थी।

### गाजा में सेना भेजने को तैयार बड़ा मुस्लिम देश


# पाकिस्तान ने भी किया है ऐलान

- इंडोनेशिया के पीएम सुबियांटो का ऐलान

**एजेंसी** | सिंगापुर

दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम देश इंडोनेशिया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो ने शनिवार को कहा कि उनका देश आवश्यकता पड़ने पर गाजा में युद्ध विराम लागू करने के लिए शांति सेना भेजने को तैयार है।

एशिया के प्रमुख सुरक्षा सम्मेलन शांगरी-ला डायलॉग में बोलते हुए प्रबोवो ने कहा कि गाजा में युद्ध विराम के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का तीन-चरणीय प्रस्ताव सही दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने कहा, "जब जरूरत होगी और जब संयुक्त राष्ट्र से अनुरोध किया जाएगा, तो हम इस संभावित युद्ध विराम को बनाए रखने और निगरानी करने के साथ-साथ सभी पक्षों और सभी पक्षों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण शांति सेना भेजने के लिए तैयार हैं।"



#### गाजा में 1000 रोगियों का इलाज करेगा इंडोनेशिया

72 वर्षीय पूर्व स्पेशल फोर्सेज के जनरल और वर्तमान इंडोनेशियाई रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांटो अक्टूबर में दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले मुस्लिम राष्ट्र के राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जोको विडोडो ने उन्हें यह घोषणा करने का निर्देश दिया था कि इंडोनेशिया गाजा से "1,000 रोगियों को निकालने, उनका स्वागत करने और उनका चिकित्सा उपचार करने" के लिए भी तैयार है। गाजा में इंडोनेशिया अस्पताल, जिसे इंडोनेशिया के एक एनजीओ द्वारा चलाया जाता था, लड़ाई के बीच नवंबर में बंद हो गया।

#### पाकिस्तान ने जताई इच्छा

इससे पहले पाकिस्तान भी गाजा में शांति सेना भेजने की इच्छा जता चुका है। पाकिस्तानी सेना ने एक ब्रिगेडियर को अपनी टीम बनाने का भी निर्देश दिया है। पाकिस्तान ने इसके लिए सऊदी अरब से अनुरोध किया है कि वह मुस्लिम देशों की एक संयुक्त सेना को गाजा में तैनात करने की पहल करे। हालांकि, पाकिस्तानी सेना का काम खाद्य और रसद आपूर्ति तक ही सीमित होगा।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl